• जयपुर, गुरुवार, 6 जून 24 • वर्ष 13 • अंक 278 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 महिलाओं के द्वारा जूट बैग अमेरिका और जर्मनी में बिकेंगे...

पेज @4 दौसा में ग्राम विकास अधिकारी 15 हजार रुपये रिश्वत लेते ...

पेज @8 विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी...

# प्रधानमंत्री पद से मोदी ने दिया इस्तीफा, राष्ट्रपति ने किया स्वीकार

**केन्द्रीय मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक में राष्ट्रपति से 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश करने का निर्णय किया गया**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मंत्रिपरिषद परिषद के साथ अपना इस्तीफा दिया। राष्ट्रपति ने इस्तीफे को स्वीकार कर लिया और नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद को नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने का अनुरोध किया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास पर हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक में राष्ट्रपति से 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश करने का निर्णय किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति भवन पहुंचे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना और अपने मंत्रिमंडल का त्यागपत्र सौंपा।



## नई सरकार गठन तक पद पर बने रहने का अनुरोध

प्रक्रिया के अनुसार राष्ट्रपति ने उन्हें नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा। चुनाव आयोग एक-दो दिन में ही राष्ट्रपति को लोकसभा चुनावों के परिणामों की अंतिम सूची के साथ चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने की सूचना भेजेगा, जिसके साथ ही नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी। सबसे बड़े दल भाजपा और राजग गठबंधन को मिले स्पष्ट बहुमत से यह तय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेंगे। सत्रहवीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त होने जा रहा है। मंगलवार को आए नतीजों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है और उसे 240 सीटें प्राप्त हुई हैं। यह बहुमत से 32 सीटें कम हैं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के ही नेतृत्व में चुनाव पूर्व ही बने राजग (एनडीए) को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है। बुधवार सायंकाल ही एनडीए नेताओं की बैठक प्रधानमंत्री आवास पर होनी है, जिसमें सरकार बनाने के दावे के साथ ही अगली सरकार के गठन के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरकाशी में खराब मौसम से ट्रैकिंग दल के 22 सदस्य लापता, 4 की संभावित मौत

**उत्तरकाशी/एजेंसी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी से बड़े हादसे की खबर आ रही है। यहां सहस्त्र ताल पर ट्रैकिंग के लिए पहुंचा 22 सदस्यीय दल लापता हो गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दल खराब मौसम के कारण रास्ता भटक जाने और मार्ग में फंसने से लापता हुआ है। इनमें 4 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है।मामले की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग की टीम सक्रिय हो गई है।

उत्तरकाशी के जिला मजिस्ट्रेट मेहरबान सिंह बिष्ट ने जानकारी दी कि ट्रैकिंग दल में कर्नाटक के 18 और महाराष्ट्र का एक सदस्य था। इसमें 3 स्थानीय गाइड भी शामिल थे।यह दल 29 मई को सहस्त्र ताल की ट्रैकिंग पर निकले थे और उनको 7 जून को वापस लौटना था, लेकिन खराब मौसम के कारण ये मार्ग भटक गए।उन्होंने बताया कि हिमालयन व्यू ट्रैकिंग एजेंसी, मनेरी ने 4 लोगों के मारे जाने की आशंका के बारे में बताया था।

जिला प्रशासन के मुताबिक, एजेंसी ने 14 लोगों को बचाने का अनुरोध किया है, जिसके बाद हेलीकॉप्टर से उनका खोज अभियान चलाया जा रहा है।बताया जा रहा है कि टिहरी सीमा पर 14,500 फीट ऊंचे सहस्त्र ताल ट्रैक पर 4 लोगों की मौत अत्यधिक ठंड की वजह से हुई है।प्रशासन की ओर से अभी लापता लोगों की और जानकारी सामने नहीं आई है। बचाव अभियान जारी है।

### किसी को कोई ऑफर नहीं, एनडीए एकजुटः चिराग पासवान

**पटना/एजेंसी।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बुधवार को इंडिया गठबन्धन से किसी भी प्रकार के ऑफर मिलने से इनकार करते हुए साफ तौर कहा कि कहीं से किसी को कोई ऑफर नहीं मिला है और एनडीए पूरी तरह एकजुट है।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने की तैयारी की जा रही है।

पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह बड़ी जीत है, खासकर हमारी पार्टी के लिए। एक सांसद की पार्टी पर गठबंधन और खासकर प्रधानमंत्री जी ने विश्वास जताते हुए पांच सीट दिए थे और सभी सीटों पर हमने जीत दर्ज की।

उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि हम लोगों पर जिस तरह बिहार के लोगों ने विश्वास जताकर पांच सीट देने का काम किया है, वह बड़ी जिम्मेदारी हम पांचों सांसदों पर है। उन्होंने वादा किया कि हम लोग अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। गठबंधन के विश्वास पर भी हम खरा उतरेंगे।

इधर, राजद के नेता तेजस्वी यादव के मोदी फैक्टर समाप्त होने के बयान पर पूछे जाने पर पासवान ने कहा कि चार सीट जीतकर इतना घमंड? किस बात का? हाजीपुर से चुनाव हारने की मुबारकबाद दी थी। उन्होंने हाजीपुर से चुनाव हारने की बात कही थी। अब पहले उनको मुबारकबाद। हकीकत है कि वो नादान हैं। समझ नहीं रखते हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि जमीनी हकीकत क्या है ?

## एनडीए की बैठक में सभी घटक दलों ने सौंपा समर्थन पत्र

# एनडीए के नेता चुने गए मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(एनडीए) की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गठबंधन का नेता चुना गया। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री आवास में हुई बैठक में एनडीए के सभी घटक दल के नेताओं ने सर्वसम्मति से मोदी को नेता चुना और इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में एनडीए के नेताओं ने मोदी को जीत की बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया। इस बैठक में जेडीयू अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और टीडीपी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू सहित एनडीए के सभी घटक दलों ने अपना समर्थन पत्र नरेन्द्र मोदी को सौंपा। प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख एकनाथ शिंदे, जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी, एलजेपी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान, हम के जीतनराम मांझी, जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण, राकांपा अजित पवार गुट के प्रफुल्ल पटेल एवं सुनील तटकरे, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल, रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी, जेडीयू के राजीव रंजन सिंह एवं संजय झा, यूपीपी(एल) के अध्यक्ष प्रमोद बोरो, एजीपी के अतुल बोरा, आजसू के सुदेश मेहतो, एसकेएम के नेता इंदरा हैंग सुब्बा शामिल रहे।

### मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक

### राजग को बहुमत मिलने के बाद सरकार के गठन पर चर्चा



### जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना


बैठक करीब डेढ़ घंटे चली जिसमें सहयोगी दलों ने श्री मोदी के नेतृत्व में राजग की नयी सरकार के गठन के लिए अपने अपने समर्थन पत्र सौंपे तथा एक प्रस्ताव पारित किया कि 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। बहुत लंबे अंतराल, लगभग छह दशक बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। प्रस्ताव में कहा गया, हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव राजग ने श्री मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी राजग के नेता श्री नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। श्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार देश के गरीब महिला युवा किसान और शोषित, वंचित, पीड़ित नागरिकों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिए राजग सरकार भारत के जन जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी। यह भी पता चला है कि दस निर्दलीय सांसदों ने भी श्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार के गठन के लिए अपने अपने समर्थन पत्र दिये हैं।

### भाजपा को मिली 240 सीटें, मोदी आठ जून को शपथ ले सकते हैं

राजग ने 293 सीटें जीत कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है लेकिन भाजपा को अपने दम पर बहुमत के लिए जरूरी 272 सीटें नहीं मिलने से राजग में घटक दलों खासकर तेदेपा और जद यू की भूमिका महत्वपूर्ण हो गयी है। भाजपा को 240 सीटें मिली हैं और वह गठबंधन का सबसे बड़ा घटक दल है। सूत्रों के अनुसार तेदेपा की प्राथमिकता आन्ध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिलाना है और वह अपनी इस मांग को बैठक में पुरजोर तरीके से उठायेगी। जद यू भी बिहार के लिए विशेष पैकेज की मांग करती रही है। हालांकि सूत्रों ने यह भी कहा कि अभी तक दोनों दलों की ओर से अपनी कोई शर्त या मांग नहीं रखी गयी है। सूत्रों के अनुसार सात जून को भाजपा एवं राजग के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक में श्री मोदी को औपचारिक रूप से भाजपा एवं राजग संसदीय दल का नेता चुना जाएगा। कहा जा रहा है कि श्री मोदी आठ जून की शाम को शपथ ले सकते हैं।

## नवीन पटनायक ने ओडिशा के सीएम पद से दिया इस्तीफा

**भुवनेश्वर/एजेंसी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद बुधवार को राज्यपाल रघुबर दास से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया। सीएम पटनायक अपने दो दशक से अधिक लंबे राजनीतिक करियर में पहली बार विधानसभा में विपक्ष की बेंच पर बैठेंगे। पटनायक बुधवार सुबह राज्यपाल के घर गए और अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की पटनायक के आवास पर एक बैठक हुई जिसमें भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। पटनायक ने पहली बार 5 मार्च, 2000 को ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। तब उनकी पार्टी अपने पिता और पूर्व सीएम बीजू पटनायक की लोकप्रियता पर सवार होकर सत्ता में आई थी। नवीन पटनायक 24 साल तक सत्ता में रहने के बाद सीएम की कुर्सी छोड़ेंगे। छठी बार मुख्यमंत्री बनने का उनका सपना सत्ता विरोधी लहर के कारण चकनाचूर हो गया। बीजद इस बार सिर्फ 51 सीटें ही हासिल कर पाई, जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में उसे 112 सीटें मिली थीं। भारतीय जनता पार्टी ने 147 सदस्यीय विधानसभा में 78 सीटें जीतकर बीजद से सत्ता छीन ली है।



## दिल्ली के लाजपत नगर में बच्चों के नेत्र अस्पताल में लगी भीषण आग, 12 दमकल पहुंची



**नईदिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली के एक अस्पताल में सोमवार सुबह आग लगने की खबर सामने आई है। आग दक्षिणी इलाके में स्थित बच्चों के नेत्र अस्पताल में सुबह लगी।लाजपत नगर इलाके में स्थित आई7 नाम के अस्पताल में आग लगने की सूचना पर अग्निशमन विभाग ने दमकल की 12 गाडियां मौके पर भेजी हैं।हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल की गाडियां आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। आग सुबह 10:30 बजे लगी थी, लेकिन इस पर एक घंटे बाद भी पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। आग लगने के कारणों की जानकारी सामने नहीं आई है।हादसे का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें आग की भयानक लपटें अस्पताल के बाहर निकलते दिख रही हैं।मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी का कहना है कि आग से इमारत में काफी नुकसान हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एक्शन में

# आरएसआरडीसी मैं कई सालों से जमे अभियंता कार्यमुक्त, दूसरे विभागों में भी कार्रवाई के निर्देश

चमकता राजस्थान

जयपुर। आरएसआरडीसी में एसीबी के छापे के बाद उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एक्शन में आ गई है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने उनसे संबंधित सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों -अधिकारियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं जो या तो ज़्यादा लंबे समय तक प्रतिनियुक्ति पर है या कोई चार्जशीट दी गई है ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाने के निर्देश दिए गए हैं !आरएसआरडीसी में पदस्थापित अभियंताओं की सूची तैयार की गई तो सामने आया कि एक अभियंता तो 24 साल से प्रतिनियुक्ति पर यहीं जमा है। दो 9 साल से और एक 11 साल से यहीं प्रतिनियुक्ति पर जमा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने चारों का डेपुटेशन रद्द कर उन्हें मूल विभाग में भेज दिया है। अधीक्षण अभियंता आरके लूथरा, अविनाश शर्मा, आशु कुमार गर्ग तथा अधिशासी अभियंता निखिल गुप्ता की प्रतिनियुक्ति रद्द कर उन्हें मूल विभाग में भेजा गया है। अविनाश शर्मा 24 साल से, आरके लूथरा और निखिल गुप्ता 9 साल से तथा आशु कुमार गर्ग पिछले 11 साल से डेपुटेशन पर कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार सूची बनाने के निर्देश मिलने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग में भी हलचल तेज हो गई है !

### सार्वजनिक निर्माण विभाग में संवेदकों के रजिस्ट्रेशन पुनर्विलोकन में भारी धाँधली

सार्वजनिक निर्माण विभाग में संवेदकों के रजिस्ट्रेशन पुनर्विलोकन में भारी धाँधली सामने आयी है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संवेदकों के रजिस्ट्रेशन पुनर्विलोकन में अधिकारी नियमों की आड़ में मन मर्ज़ी से रजिस्ट्रेशन रिव्यू कर रहे हैं !

### सार्वजनिक निर्माण विभाग में भी कई अभियंता वर्षो से कर रहे एक ही सीट पर कार्य

मिली जानकारी के अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग में भी कई ऐसे अभियंता हैं जिन्हें चार्ज शिट दी जा चुकी है लेकिन उच्च अधिकारियों की मिलीभगत के चलते उस पर कोई एक्शन अब तक नहीं लिया गया है, जिसके चलते वह इन मलाईदार पदों पर कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं उनकी भी सूची बनाकर मंगाई जा रही है !



# संकल्प से सिद्धि का नया सफर शुरू होगा

भारत में अठारहवीं लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना के परिणाम आ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा [illegible] बार [illegible] से ज्यादा च[illegible]सेत प्रदेशों की कुल 543 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए। भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन एनडीए ने यूं तो चार सौ पार का दावा किया था लेकिन यूपी महाराष्ट्र राजस्थान हरियाणा में भाजपा अपने पूर्व प्रदर्शन को दोहराने में नाकाम रही।जिस के चलते भाजपा अकेले अपने बूते पर बहुमत हासिल करने में नाकाम रही लेकिन राजग में भाजपा की 241जदयू की 12 और तेदेपा 16 लोजपा 5 शिवसेना शिंदे की 7 जद एस 2 रालोद 2 जनसेना 2 अन्य 5 का योगदान शामिल हैं। चुनाव नतीजों के आने के साथ ही राजग का एक बार पुन सत्तारूढ़ होना तय है दरअसल इस सबके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली कार्यशैली कार्यकुशलता दूरदर्शिता और दृढ़ता का योगदान है जिसमें एक अलग आत्मविश्वास और देश के लिए कुछ कर गुजरने की ईच्छा शक्ति साफ झलकती है यही वजह है कि समूचे चुनाव अभियान के दौरान तमाम तरह की भद्दी टिप्पणी और आरोप के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विजय अभियान में बिना थके बिना रुके लगे रहे और अपने बूते पर देश भर में चुनाव अभियान की डोर थामे हुए विजय सौपान तक पहुंच गए। उधर इंडिया गठबंधन 205 सीट पर जीत हासिल करने में समर्थ रहा है यदि तृणमूल के सीटों को भी मिला ले तो 234 संख्या होती है विपक्षी गठबंधन भी जदयू और तेदेपा का समर्थन जुटाने के लिए अपनी कोशिश तेज किए है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी जीत को लेकर कितने आश्वस्त हैं यह इस बात से समझा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने कई बैठकों की अध्यक्षता की है। जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी सरकार के लिये 100 दिन का एजेंडा तैयार करने के वास्ते विभिन्न सरकारी मंत्रालयों को काम सौंपा था। उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद से पहले 100 दिनों के लिए कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है। 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव के परिणाम आज 4 जून को देश व दुनिया के सामने होंगे, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव परिणाम आने से पहले ही सक्रिय हो चुके हैं।संकल्प की ऐसी दृढ़ता विश्व के किसी भी दूसरे समकक्ष नेता के आचरण और व्यक्तित्व में शामिल नहीं है यही एक चीज है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूसरों से अलग एक मजबूत विश्व नेता बतौर स्थापित करती है। प्रधानमंत्री मोदी की यह कार्य शैली से समूचे विश्व के नेता हतप्रभ रह जाते हैं। संकल्प की इस दृढ़ता के पीछे एग्जिट पोल द्वारा दर्शाये परिणाम नही हैं बल्कि उनका अपना आत्मविश्वास अपने तय अजेंडा पर एकटक होकर काम करने की मनोवृत्ति और ईश्वर पर अटल विश्वास के साथ ही कर्म को प्रधान मानना उनकी सफलता को सुनिश्चित कर देता है। विभिन्न एग्जिट पोल परिणामों अनुसार नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

याद रहे कि कि चुनाव शुरू होने से पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि उन्होंने अभी से अपनी अगली सरकार के शुरुआती 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। यही नहीं, उन्होंने अपने मंत्रियों को भी नई सरकार के पहले 100 दिन के लिए अपने-अपने विभागों की प्राथमिकताएं और कार्यक्रम पेश करने का आदेश दिया था। यही नहीं उन्होंने देश के विकास के लिए 2047 तक का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। आम चुनावों के लिए विजय अभियान के दौरान उन्होंने 73 साल की आयु में 72 दिन में कुल 206 जनसभा रैली और रोड शो किए यह अपने आप में रिकार्ड है। चुनाव प्रचार से निपटते ही मोदी ने विवेकानंद रॉक मैमोरियल में 45 घंटे की मौन साधना विपशय्ना की उनका अध्यात्मिकता के भीतर गहरा विश्वास और ज्ञान है। इस मौन साधना से जहां लम्बे समय की मानसिक व शारीरिक थकावट व तनाव से मुक्ति मिली वहीं नई ऊर्जा और चेतना के साथ अगले ही घंटों में देश के बड़े अधिकारीयों के साथ देश की सामयिक परिस्थितियों पर गहन विचार किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उससे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास किए जाने चाहिएं। उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर लाइन' के रखरखाव और बायोमास के उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। बयान में कहा गया कि अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को बताया कि पूर्वानुमानों के अनुसार राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में अभी भीषण लू का प्रकोप जारी रहेगा। इस वर्ष देश के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून सामान्य और सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जबकि प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे रहने की आशंका है। एक बयान में कहा गया कि चक्रवात रेमल के बाद की स्थिति की समीक्षा के लिए हुई बैठक में मोदी को मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ के कारण जानमाल के नुकसान सहित विभिन्न राज्यों में इसके प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री को बताया गया कि कैसे राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने लोगों को बचाने, हवाई मार्ग से उन्हें निकालने और सड़क साफ करने का काम चलाया। बयान में कहा गया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है। बयान के अनुसार, मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार चक्रवात से प्रभावित राज्यों को पूर्ण समर्थन देना जारी रखेगी। बैठक में शामिल रहे एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में वनों में आग की घटनाओं पर गहरी चिंता जताई, जिससे बड़े पैमाने पर जीवों की मौत और पर्यावरण को हानि होती है। एनडीआरएफ टीमों को पहाड़ी इलाकों में पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। खासकर वहां, जहां आग लगने की आशंका अधिक रहती है, अधिकारियों को पर्याप्त इंतजाम करने को कहा गया। बैठक में भीषण लू से होने वाली घटनाओं से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की गई।

# लोक आकांक्षा ही सर्वोपरि!



गिरीश्वर मिश्र



दो महीने के दुरंत निदाघ-काल में सात चरणों में फैला लोकसभाई चुनाव नेताओं, चुनाव कर्मियों और वोटरों सबके लिए घोर तपस्या से कम न था। विश्व के विशालतम आम चुनाव के दौरान देश की जनता को अपने भारतीय लोकतंत्र की चाल-ढाल की विलक्षण छटाएं देखने को मिलीं। ग्यारह लाख और आठ लाख से ज्यादा के अंतर से लोग जीते तो नोटा का भी एक जगह डेढ़ लाख वोटरों ने इस्तेमाल किया। निर्वाचन आयोग पर तोहमतें लगती रहीं पर उसने मुस्तैदी और निष्पक्षता से कार्य किया। इस चुनाव में एक ओर दस सालों से काबिज राजसत्ता को कायम रखने के लिए उद्यत एनडीए था तो दूसरी ओर उसे सत्ता से बेदखल करने की फिराक में जुटा फुटकर दलों का फौरी इंडी गठजोड़ था। सत्ता-संघर्ष के नाटक के हर अंक में विविध दृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही कथानक के केंद्रविंदु बने रहे। इसके लिए आक्रामक रुख अपनाते और धिक्कारते स्वर में इंडी गठबंधन विकास कार्यों, आर्थिक प्रगति, गरीबों तथा पिछड़े तबकों की उन्नति के उपायों और आधार-संरचना के तीव्र विकास को झुठलाता रहा। भारत की आर्थिक उन्नति, निखरती अंतरराष्ट्रीय छवि और राष्ट्रीय गौरव बोध से भी उनका कोई वास्ता नहीं रहा। कांग्रेसी अगुआई में विपक्षी जोड़-तोड़ का एकल एजेंडा था मोदी से मुक्ति। इसलिए वे मोदी सरकार की उपलब्धियों को सिरे से खारिज करते रहे पर उनके पास भारत के लिए अपना कोई रचनात्मक खाका नहीं था।

चालू योजनाओं में फेरबदल कर वे अपनी घोषणाएं पेश करते रहे। चुनावी सरगर्मी कभी नर्म-गर्म रही तो कभी तल्ख हुई। एक ओर से अतिरेक का उत्तर भी अतिरेक से ही दिया जाता रहा। ऐसे क्षण भी आए जब शिष्टाचार की मर्यादाएं टूटती नजर आईं और निर्वाचन आयोग ने प्रचारकों को सख्त हिदायत दी और कुछ को प्रचार कार्य से अलग भी किया। सत्ताधारी दल में ज्यादा ही आत्मविश्वास था कि चार सौ से अधिक सीटों को जीतेंगे परंतु उसे सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा तो मिला पर पिछले बार से कम सीटें ही मिल सकीं। लगातार दस वर्षों का कार्यकाल नेता और जनता दोनों को थका, उबा कर संतृप्त करने वाला भी होता है। मोदी काल में कई मोर्चों पर सक्रियता दिखती रही। उसी का फल है कि छह दशकों पहले का इतिहास दुहराते हुए एनडीए तीसरी बार लगातार सरकार बनाने की ओर अग्रसर हो रही है। कांग्रेस ने पिछले चुनाव की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया।

चुनाव के दौरान तरह-तरह के सवाल उठाए जाते रहे। सनातन और राम-मंदिर निर्माण को लेकर भी अनर्गल प्रश्न उछालते रहे। जनता-जनार्दन ने जिस उत्साह से राम-मंदिर का स्वागत किया और तीन महीने में ही डेढ़ करोड़ लोग दर्शन करने पहुंचे वह भावनात्मक एकता और मंदिर की बिना शर्त स्वीकृति का प्रमाण है। इस दौरान हिंदू और हिंदुत्व के कई रूप बनते-बिगड़ते दिखे। यह खेद की बात है कि हिंदू जीवन दृष्टि या जीवनशैली जो करोड़ों हिंदू आज भी जी रहे हैं वह सिद्धांत ही नहीं व्यवहार में भी इतना समावेशी है कि सारी विविधताओं को समेट कर धारण करता है। संशयात्मक आत्मबोध देश के गौरव और स्वाभिमान के रास्ते में भी अड़चन खड़ा करता है। इसके चलते 'भारतीय' कहलाना और 'भारतीयता' की बात करना संकुचित मानसिकता को बतलाता है। सीमित क्षेत्रीय बनाम व्यापक राष्ट्रीय आकर्षणों के बीच की रस्साकसी चलती रही। पड़ोसी देश की चिंता न करने का हवाला भी दिया गया। कहा गया उसके पास आणविक हथियार है। विपक्षी पार्टियों ने अपनी शक्ति-सामर्थ्य के विंदु गिनाने में जितना श्रम किया उससे अधिक विरोधी के छिद्रान्वेषण करने में लगाया और परिहास किया।

शक्ति और सामर्थ्य के नाम पर दिवास्वप्न सरीखे प्रलोभनों की लम्बी सूची जरूर तैयार की जाती रही कि अगर सरकार बन गई तो किस-किस समुदाय को क्या-क्या दिया जाएगा। चुनाव के बीच अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक के विवाद को भी तूल दिया गया। बहुसंख्यक होने से हिंदू और हिंदुत्व को संशयग्रस्त पहचान के रूप में स्थापित करना और अल्पसंख्यक के लिए खतरे से रक्षा का नाटक अपने वोट सुरक्षित करने के लिए किया जाता रहा। इसे राष्ट्रबोध और देश, संस्कृति सभ्यता सबको हाशिए पर धकेलने का उपक्रम बन गया। इसी तरह जाति को लेकर टिकट बांटने और मतदाताओं को अपने पक्ष में लेने की कोशिश सब दलों ने की। जाति समाज की एक सच्चाई है और सभी दल उसकी निंदा करते हैं परंतु उसी का सहारा भी लेना चाहते हैं, आरक्षण भी देना चाहते हैं। इसका राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल से आया है जहां 77 समुदायों को टीएमसी की सरकार ने गलत ढंग से ओबीसी की श्रेणी में डाल दिया था जिसे उच्च न्यायालय ने गैर संवैधानिक पाकर निरस्त कर दिया था। चुनावी नतीजों ने जाति के बनते बिगड़ते समीकरणों की भूमिका फिर दिखा दी।

अब चौसठ करोड़ जनता के वोट के आधार पर नतीजे आ चुके हैं। ये नतीजे बताते हैं कि छोटे क्षेत्रीय दलों की स्थिति डांवाडोल हुई है और राष्ट्रीय दलों के साथ आपसी तालमेल कमजोर रही। विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय मुद्दे छाए रहे पर सबके मन में केंद्र में एक मजबूत सरकार लाने की इच्छा थी । भाजपा को इससे लाभ मिला। भाजपा दक्षिण भारत में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रही। मोदी ने जातियों से ऊपर उठ कर सनातन जैसे उदार और समावेशी विचार को आगे बढ़ाया जिसमें सभी जातियों के लोग जुड़ सके। भाजपा के संकल्प-पत्र में देश के समग्र विकास की योजना की झलक थी जिसे उत्साह के साथ जनता के साथ बार-बार साझा किया गया। चुनाव के परिणाम जनता के विश्वासमत की पुष्टि करते हैं। चुनावी परिणाम प्रधानमंत्री की जनस्वीकृति पर राष्ट्रीय स्तर पर मुहर लगा रहे हैं।

कभी व्यक्ति और कभी पार्टी को लेकर तोहमतें लगने के दौर भी लगातार चलते रहे। व्यवस्था के प्रश्न भी उठते रहे जिनमें ईवीएम की खामियां और निर्वाचन आयोग पर भी पक्षपात का आरोप खास रहा। जनता ने आत्मावलोकन और बाह्यवलोकन दोनों किया। उसे विचार की किल्लत कई तरह से दिखी। क्या और कब कहा जाए इसका विवेक न होना बड़ा खला। गौरतलब है कि चुनाव के दौरान करोड़ों रुपये के कैश जब्त हुए। विरुद्धों के सामंजस्य को दर्शाते आआप, कांग्रेस और टीएमसी जैसे दल तथा शेष इंडी के बीच के आपसी रिश्ते अवसर पर टिके थे। इस बीच राजनीतिज्ञों की भ्रष्टाचार में संलिप्तता और अस्वस्थ मानसिकता के साथ समाज के शोषण की घटनाओं ने भी लोगों को उद्वेलित किया। कई पार्टियों के दावों, वादों, मेहरबानियों, आरोपों और प्रत्यारोपों की भाषा जमीनी वास्तविकताओं की जगह दिवास्वप्न को रेखांकित कर रही थी। विभिन्न राजनैतिक दलों के नाद और निनाद के तुमुल स्वरों के बीच चुनावी प्रचार अभियानों से जनता के सामने चकित, भ्रमित और भयभीत होने की स्थितियां भी बार-बार आती रहीं।

लोकतंत्र के आसन्नविनाश, संविधान का समापन, आरक्षण नीति का समापन आदि के खतरों तथा राजकीय तंत्र का दुरुपयोग आदि आरोपों को लेकर भारत में लोकतंत्र के भविष्य पर लगातार प्रश्नचिह्न लगाया जाता रहा। हास्यास्पद टिप्पणियों और तर्कहीन अधकचरे प्रस्तावों के साथ कर्ज माफी, विभिन्न समुदायों को सहायता राशि की सौगातें बांटने, आरक्षण की सीमा बढ़ाने और उसे धर्म समुदाय की सदस्यता से जोड़ने की घोषणाओं से जनता को लुभाने के प्रयास किए जाते रहे। दूसरी ओर मोदी सरकार ने एक दशक में जमीनी परिस्थिति को बदलने का काम किया था जिसका सीधा अनुभव जनता को हुआ था। पूरे चुनाव में मोदी की लगन, उत्साह, रणनीति, संवाद-कौशल और देश के साथ प्रतिबद्धता असंदिग्ध बनी रही।

इस बार का जनादेश नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता की पुष्टि करता है। अमृत-काल में विकसित भारत का संकल्प लेकर उस दिशा में अग्रसर होने को उद्यत मोदी भारत के प्रतिनिधि के रूप में अब पुनः प्रतिष्ठित हो रहे हैं। एक समर्थ, शक्तिशाली और संभावनाशील भारत की छवि को अमली जामा पहनाने की जिम्मेदारी के साथ प्रधानमंत्री मोदी की रीति-नीति परीक्षा की कसौटी पर उतरेगी। महंगाई और रोजगार के सवाल नीतिगत हस्तक्षेप की मांग करते हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषय अभी भी कड़ी चुनौती दे रहे हैं जहां अतिरिक्त संसाधन का निवेश और व्यवस्थागत परिवर्तन बेहद लाजमी हो गया है। यदि समाज विशेषतः युवा वर्ग स्वस्थ और सुशिक्षित नहीं होगा तो विकास के सपने सपने ही रह जाएंगे। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि ये विषय अभी भी बड़े ही उपेक्षित हैं।

इसी तरह से न्याय व्यवस्था और उसके कायदे कानून तकनीकी दृष्टि से बड़े पेचीदे, बेहद खर्चीले और अनावश्यक रूप से समयसाध्य बने हुए हैं जिनसे न्याय पाने में बिलंब होता है और लोग बेवजह सताए जाते हैं। इनमें जरूरी बदलाव अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह व्यवस्थागत सुधार ले आने की आवश्यकता भी सभी महसूस करते हैं। गरीबी से जो निकल रहे हैं उनका पुनर्वास भी जरूरी है। नौकरशाही के जोर के आगे उसमें बदलाव लाना टेढ़ी खीर है पर उसे करने के अलावा कोई चारा भी नहीं है। विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच की चौड़ी खाई पाटना भी सरल नहीं है। भारत जैसे विविधतापूर्ण और विशाल देश की आकांक्षाओं को आकार देने का ऐतिहासिक कार्य प्रभावी नेतृत्व की प्रतीक्षा कर रहा है। आशा है नई सरकार इन प्रश्नों पर वरीयता से ध्यान देगी और कार्रवाई करेगी।

**(लेखक,महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# स्मृति ईरानी अमेठी को क्यों नहीं समझ पाईं



गौरव अवस्थी

अठारहवीं लोकसभा चुनाव में अमेठी से स्मृति ईरानी की हार ने सबको चौंका दिया। कारण, उन्होंने अपनी जीत का दावा बढचढ़कर किया था और राहुल गांधी को सीधे मुकाबले के लिए ललकारा था। स्मृति ईरानी को पराजय का स्वाद गांधी परिवार के उस करीबी किशोरी लाल शर्मा से चखना पड़ा है जिन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने कोई महत्व ही नहीं दिया था। उनके इस दंभ का जवाब जनता ने ईवीएम का बटन दबा कर दिया। उन्होंने राहुल गांधी को 2019 के चुनाव में जितने वोटों से हराया था, उससे दोगुने से ज्यादा वोटो से गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने उन्हें परास्त कर दिया।

चुनाव परिणाम जानने के बाद लोगों की जिज्ञासा अब यह जानने में हो गई है कि जिस अमेठी पर स्मृति ईरानी को पांच साल में ही नाज हो गया था, आखिरकार उसने इतनी जल्दी उन्हें खारिज क्यों कर दिया। इसके एक नहीं अनेक कारण खोजे और गिनाए जा सकते हैं। पहले तो यह कि स्मृति ईरानी को यह अंदाज नहीं था कि राहुल गांधी अमेठी छोड़ देंगे। इसीलिए वह अमेठी में अपने काम गिनाने की बजाय पिछले 5 साल में गांधी परिवार और खास तौर पर राहुल गांधी को कोसने में ही लगी रहीं। अमेठी के लोगों में इसीसे उनकी नकारात्मक छवि बनी और चुनाव आते-आते यह नकारात्मक छवि नाराजगी में तब्दील हो गई। वोटरों के इस नाराजगी को ईरानी और उनके प्रबंधक आखिर तक पहचान ही नहीं पाए। मतदान के पहले और मतदान के बाद भी ईरानी के लोगों की मनमानी जारी रही। किशोरी लाल शर्मा समेत कई लोगों पर दबाव बनाकर एफआईआर दर्ज कराई गई। इनमें दो तो यूट्यूबर थे। गांधी परिवार को हल्के में लेना स्मृति ईरानी की रणनीतिक भूल रही। गांधी परिवार ने 40 साल से रायबरेली-अमेठी के लोगों के अपने माध्यम से सेवा कर रहे किशोरी लाल शर्मा की छवि और काम को आगे करके स्मृति ईरानी को जवाब देने की रणनीति बनाई और प्रियंका गांधी ने उस रणनीति को अपने धुआंधार प्रचार से धार दी। यह ध्यान में रखने वाली बात है कि प्रियंका गांधी ने जितना समय भाई के लिए रायबरेली में दिया उतना ही समय अपने परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ी सीट अमेठी में पार्टी प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के लिए भी दिया।

किशोरी लाल शर्मा ने भी अपने प्रचार के दौरान गांधी परिवार से रिश्तों और विकास की कहानी ही बताई, स्मृति ईरानी का एक बार नाम भी नहीं लिया। चुनाव में उनकी अपनी यह रणनीति कारगर रही। मतदाताओं ने उनके इस व्यवहार को पसंद भी किया। प्रियंका गांधी की एग्रेसिव कैंपेनिंग तो काम आई ही साथ ही स्मृति ईरानी की अपनी गलतियां भी उनको पराजय के द्वार तक ले जाने में मददगार बनीं। 2019 में राहुल गांधी को हराने वाली स्मृति ईरानी शायद आत्मविश्वास के अतिरेक का शिकार हो गईं। संगठन के कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर-के दूसरे दलों के एक वर्ग विशेष के नेताओं को तवज्जो देना भी उनके लिए चुनाव में घातक साबित हुआ। इन बड़े स्थानीय नेताओं से घिरे रहने की वजह से अमेठी के आम लोग उनसे दूर ही होते गए।

अमेठी की ग्राउंड रिपोर्टिंग के दौरान मैंने यह खुद महसूस किया कि आम लोग स्मृति ईरानी से केवल इसलिए नाराज थे कि वह बड़े लोगों को ही पहचानती हैं। उन्हीं के घर आती जाती हैं और आम लोगों से उनका कोई वास्ता नहीं। उनके इसी व्यवहार ने भाजपा के कट्टर समर्थकों तक को पार्टी से दूर कर दिया। ऐसा एक बड़ा वर्ग इस बार ईरानी को सबक सिखाने के लिए ही किशोरी लाल शर्मा या कांग्रेस के पक्ष में खुद-ब -खुद चला गया।

ईरानी की हार में उनके प्रतिनिधि विजय गुप्ता भी एक बड़ा कारण बने। विजय गुप्ता का व्यवहार किसी मंत्री के रसूख से भी ज्यादा था। अमेठी के लोग तो यह भी कहते हैं कि ईरानी उसी से बात करती थीं जिसकी तरफ विजय गुप्ता इशारा करते थे। अमेठी में स्मृति से नाराजगी की वजह एक गैरसरकारी संगठन 'उत्थान' भी बताया जा रहा है। अमेठी में चुनाव के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने दबी जुबान से बताया कि सरकार और सांसद निधि से होने वाले सारे काम 'उत्थान' संस्था के मार्फत ही कराए जाते हैं। इससे कार्यकर्ताओं के लिए कोई अवसर ही नहीं है। इस आरोप में कितनी सचाई है, जांच का विषय है। स्मृति ईरानी ने अमेठी की परंपरा कही जाने वाली एक किंवदंती को भी नजरअंदाज किया। वह यह कि गांधी परिवार के अलावा अमेठी की जनता ने किसी भी उम्मीदवार दोबारा मौका नहीं दिया। अमेठी में यह चर्चा आम थी, लेकिन स्मृति ईरानी और उनके प्रतिनिधि के कानों तक नहीं पहुंची या उन्होंने अनसुना कर दिया। अगर जनता की इस बात को ही ईरानी ने गंभीरता से लिया होता तो परिणाम आज ऐसा न होता। अमेठी की जनता ने गैर गांधी परिवार के राजेंद्र प्रताप सिंह को 1977, कैप्टन सतीश शर्मा को 1996, संजय सिंह को 1998 और स्मृति ईरानी को 2019 में अवसर दिया। इतिहास है कि इन सभी को अमेठी की जनता ने दोबारा जीत का अवसर नहीं दिया। इनमें कैप्टन सतीश शर्मा तो कांग्रेस के ही टिकट पर जीते थे और गांधी परिवार के हनुमान कहे जाते थे, लेकिन जनता ने उन्हें भी दोबारा आम चुनाव में अवसर नहीं दिया। स्मृति इस किंवदंती को तोड़कर इतिहास रच सकती थीं। पर अपने ही कारणों से वे चूक गईं।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# दुश्मनों के लिए जासूसी करने वालों को हो सीधे फांसी की सजा



आरके सिन्हा

लोकसभा चुनाव के नतीजों के कोलाहल में बीते दिनों पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले एक देश के दुश्मन को दी गई उम्र कैद की सजा की खबर लगभग दब सी गई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा नागपुर जिला न्यायालय ने सुनाई। अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से जासूसी गतिविधियों के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया। आजीवन कारावास के साथ-साथ उन्हें 14 साल के कठोर कारावास और उन पर 3,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। देश के गद्दारों को इसी तरह की सख्त सजा मिलनी चाहिए , ताकि कोई मातृभूमि के साथ गद्दारी करने के बारे में सोचे भी नहीं।

आपको याद होगा कि छह साल पहले 2018 में इस मामले ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी । क्योंकि , यह ब्रह्मोस एयरोस्पेस से जुड़ा जासूसी का पहला मामला था। अग्रवाल दो फेसबुक अकाउंट नेहा शर्मा और पूजा रंजन के जरिए संदिग्ध पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था। इस्लामाबाद से चलाए जा रहे इन अकाउंट्स के बारे में माना जाता है कि इन्हें पाकिस्तान के खुफिया एजेंट चला रहे थे। ब्रह्मोस मिसाइल की जानकारी लीक करने के आरोप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों ने दावा किया कि उसके कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों की जांच की गई और पाया गया कि संवेदनशील डेटा ट्रांसफर किया गया था। यह कौन नहीं जानता कि हमारे यहां सेना की जासूसी करने वाले जयचंद और मीर जाफर भी जगह-जगह मौजूद हैं। इनमें सेना के अंदर ही छुपे कुछ गद्दारों, सरकारी अफसरों से लेकर तथाकथित पत्रकार आदि भी बहुरूपिये शामिल हैं, जो दिखते कुछ और हैं और करते कुछ और हैं। ये आरटीआई के माध्यम से धीरे-धीरे सूचनाएं निकालने की जुगाड़ में लगे रहते हैं। इन्हें अपने आकाओं से मोटा पैसा जो मिलता है। इसलिए ये अपनी मातृभूमि का भी सौदा करने से पीछे नहीं हटते। इनका जमीर मर चुका है।

दरअसल सूचना के अधिकार (आरटीआई) की आड़ में भारतीय सेना की तैयारियों को लेकर कुछ देश विरोधी ताकतें सूचनाएं निकालने की फिराक में रहते हैं। यह ही तत्व सेना से संबंधित जानकारियां सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगते हैं। यह सवाल इसलिए अहम हो जाता है , क्योंकि इधर देखने में आ रहा है कि कुछ तत्व सेना की अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को हासिल करने में भी अनावश्यक दिलचस्पी लेने लगे हैं। केन्द्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक 28 अप्रैल, 2022 को हुई थी जिसमें इस बात पर गंभीर चिंता जताई गई थी कि आरटीआई के नाम पर सेना की अहम जानकारियां मांगी जा रही हैं।



यह बैठक सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे के रिटायर होने से दो दिन पहले ही हुई थी।

देश के नागरिकों को आरटीआई कानून के तहत सूचना पाने के अधिकारों की सीमाएं भी हैं। सूचना अधिकार के द्वारा राष्ट्र अपने नागरिकों को, अपने कार्य को और शासन प्रणाली को सार्वजनिक करता है। लोकतंत्र में देश की जनता अपनी चुनी हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है और यह अपेक्षा करती है कि सरकार पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन करेगी। लेकिन, आम जनता को यह अधिकार तो कतई नहीं दिया जा सकता कि वह देश की सुरक्षा और शत्रु का मुकाबला के लिए की जा रही तैयारियों की ही जानकारियां मांगने लगे।

पाकिस्तान और चीन की तरफ से लगातार यह कोशिश बनी रहती है कि उन्हें हमारी रक्षा तैयारियों की जानकारी हासिल होती रहे। इसलिए यह दोनों देश हमारे नागरिकों को तरह - तरह के लालच देकर सूचनाएं लेते रहते हैं। अब माधुरी गुप्ता की कहानी जान लें। वह भारतीय विदेश सेवा की "ग्रुप बी" श्रेणी की अधिकारी थी। अपनी 27 वर्षों की लम्बी सेवा में माधुरी ने इराक, लाइबेरिया, मलेशिया, क्रोएशिया और पाकिस्तान में नौकरी की। उर्दू पर अच्छी पकड़ और सूफियाना मिजाज वाली माधुरी साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। खुले ख्यालों वाली माधुरी धूम्रपान, शराब-सेवन, गुटका खाने और पुरुष-मित्रों से सम्बन्ध बनाने के लिए खास तौर पर जानी जाती थी। कुछ साल पहले इस्लामाबाद-स्थित भारत के उच्चायोग में द्वितीय सचिव के रूप में पोस्टिंग के दौरान माधुरी को उर्दू पर अच्छी पकड़ होने के कारण पाकिस्तानी मीडिया को मॉनिटर करने का काम सौंपा गया था। पाकिस्तान में पोस्टिंग के बमुश्किल छह महीने बीतते-बीतते माधुरी जमशेद, जिसका कोड नाम जिम था, के द्वारा फंसा ली गई। भारत सरकार के अधिकारियों को जब आभास हुआ कि माधुरी शत्रु के जासूसी षड्यंत्र में फंस गई है तो पुष्टि के लिए उसके माध्यम से एक गलत सूचना जानबूझ कर भेजी गई। परिणामस्वरूप, खुफिया सूचनाओं को लीक करने का माधुरी के कारनामों का पक्का यकीन हो गया। भूटान में आयोजित होने वाले सार्क समिट की तैयारियों के बहाने माधुरी गुप्ता को भारत वापस बुलाया गया। 22 अप्रैल 2010 को वह वह ज्यों ही दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतरी तो खुफिया एजेंसी के लोगों ने उसे अपनी पकड़ में ले लिया। पूछताछ से पता चला कि वह आईएसआई के दो जासूसों झ मुन्नवर रजा राना और जमशेद उर्फ जिमी से सांठगांठ कर-के उन्हें खुफिया सूचनाएं सप्लाई करती थी। इन आरोपों के आधार पर 20 जुलाई 2010 को माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया। 18 मई 2018 को दिल्ली के अतिरिक्त सेशंस जज सिद्धार्थ शर्मा ने जासूसी के लिए माधुरी को तीन वर्षों की सजा सुनाई।

कुछ साल पहले ही चीन के लिए जासूसी करने के आरोप में राजधानी के एक कथित वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा को पकड़ लिया गया था। राजीव शर्मा के बारे में यह पता चला था कि वह आरटीआई से जानकारियां निकाल कर चीन को सप्लाई करता था। उसे 'ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट' (ओएसएस) के तहत गिरफ्तार किया गया था। उसने सेना से जुड़े कई राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सूचनाओं वाले दस्तावेज चीन को दिए थे। चीन को संवेदनशील सूचनाएं उपलब्ध कराने की एवज में उसे मोटी रकम मिलती थी।

इधर आरटीआई के तहत आवेदकों की बाढ़ सी आ गई है। बहुत से लोग अनाप-शनाप सवाल भी पूछते रहते हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना होगा कि इस अधिकार का गलत इस्तेमाल न हो। इस बाबत बहुत सजग रहना होगा। एक बात और कि जो देश के साथ गद्दारी करे उसे सीधे मौत की सजा देने पर भी विचार किया जाना चाहिए। जरा सोचिए कि अग्रवाल को इस देश ने आईआईटी जैसे श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान में पढ़ने का मौका दिया। उसने आईआईट से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की। इसके बाद वह ब्रह्मोस एयरोस्पेस में इंजीनियर के तौर पर काम करने लगा। उसकी विशेषज्ञता की वजह से उसे बहुत कम समय में ब्रह्मोस एयरोस्पेस में जरूरी पदों पर पदोन्नत किया गया और मिसाइल परियोजनाओं पर काम करने वाली टीम का एक जरूरी सदस्य बनाया गया। वही शख्स देश का दुश्मन बन गया। उसके जैसों को तो फांसी होनी ही चाहिए।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

संक्षिप्त समाचार

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा बाड़ी द्वारा महाराज बाग स्थित सत्यम वाटिका में पर्यावरण परिचर्चा कार्यक्रम



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में आज विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा बाड़ी महाराजा बाग स्थित सत्यम वाटिका में माँ भारती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पदाधिकारीयों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधवत शुरुआत की गई... शाखा अध्यक्ष राधेशयाम गर्ग द्वारा सभी का स्वागत भाषण से स्वागत किया गया! उद्बोधन की श्रृंखला में शाखा अध्यक्ष राधेशयाम गर्ग द्वारा पर्यावरण के चार घटकों के बारे जिसमें वायु, स्थूल , जल, जैविक के बारे में विस्तार से बतलाया गया इसी क्रम में शाखा उपाध्यक्ष ने बतलाया कि हम अपने पर्यावरण को किस तरह स्वस्थ एवं सुंदर बना सकते हैं एवं वृक्षारोपण के बारे में ज्यादा से ज्यादा महत्व के बारे में बतलाया इसी क्रम में जिला संवयक हरिओम बंसल ने पर्यावरण के बारे में विस्तार से जानकारी प्रकट की एवं प्रत्येक सदस्य को कम से कम पांच वृक्ष रोपण अवशय करने चाहिए परिषद सदस्य जगदीश रावत द्वारा पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम के तहत विभिन्न बहुमूल्य जानकारियां साझा की गई एवं शाखा सचिव दीपक सिंघल, परिषद् वित्त सचिव गोविंद गर्ग ने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम संयोजक भानु मंगल ने सभी का आभार व्यक्त किया राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ. कार्यक्रम में परिषद के सदस्य 40 महिला पुरुष सदस्य उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण द्वारा ही होगी मानवता की रक्षा- रेखा यादव




**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** दिनांकः-05.06.2024 को न्यू एडीआर परिसर धौलपुर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत सूर्यप्रकाश भट्ट व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर रेखा यादव द्वारा पौधे लगाये गये। इस अवसर पर रेखा यादव द्वारा बताया गया कि विकास के साथ दुनियाभर में पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचाया जा रहा है। वन और जंगल नष्ट किये जा रहे हैं जिसकी वजह से पूरी दुनिया में प्रदूषण का लेवल बढ़ रहा है, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को व्यक्ति का मूल अधिकार माना गया है तथा संविधान के अनुच्छेद 51क में पर्यावरण संरक्षण को व्यक्ति का मूल कर्तव्य भी माना गया है और कहा गया है कि भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करे और उनका संवर्धन करे तथा प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखे। इस अवसर पर संजय शर्मा, जगदीश सिंह जादौन, राहुल, सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप शर्मा, शिवानी, संदीप, राजबहादुर, मनीष मीणा, राधे, बनवारी, धीरेन्द्र आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## 17वीं लोकसभा भंग करने की सिफारिश, 8 को पीएम पद की शपथ ले सकते हैं नरेंद्र मोदी



**नईदिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई। मौजूदा 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा को भंग करने की शक्ति राष्ट्रपति के पास होती है, लेकिन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या केंद्रीय कैबिनेट की सलाह से ही लोकसभा को भंग कर सकते हैं। अब चूंकि कैबिनेट ने लोकसभा को भंग करने की सिफारिश कर दी है तो राष्ट्रपति की मंजूरी के साथ ही 17वीं लोकसभा भंग हो जाएगी।

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों और भाजपा नीत एनडीए द्वारा सदन में बहुमत हासिल करने के बाद संभावित सरकार गठन के मुद्दे पर चर्चा हई। बैठक सुबह 11.30 बजे प्रधानमंत्री आवास पर शुरू हुई। इस बैठक के बाद मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की यह आखिरी बैठक है। सूत्रों के अनुसार, 7 जून को संसदीय दल की बैठक होगी और अगले दिन यानी 8 जून को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों और भाजपा नीत एनडीए द्वारा सदन में बहुमत हासिल करने के बाद संभावित सरकार गठन के मुद्दे पर चर्चा हई। बैठक सुबह 11.30 बजे प्रधानमंत्री आवास पर शुरू हुई। इस बैठक के बाद मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की यह आखिरी बैठक है। सूत्रों के अनुसार, 7 जून को संसदीय दल की बैठक होगी और अगले दिन यानी 8 जून को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

### कई देशों में जूट उत्पाद को भेजने की तैयारी

# महिलाओं के द्वारा जूट बैग अमेरिका और जर्मनी में बिकेंगे

## दस्तकार महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें दिया जायेगा प्रशिक्षण

चमकता राजस्थान

**अलवर।** अलवर की बहुत सी दस्तकार महिलाओं के हाथों से बना जूट का सामान देश ही नहीं विदेशों में भी अब बिकेगा । इसके लिए नेक कमाई फाउंडेशन महिलाओं को प्रशिक्षण और इनको बाजार उपलबध कराएगी।देव ऋषि आश्रय संस्थान में हुए एक कार्यक्रम में उद्योग विभाग के सेवानिवृत संयुक्त निदेशक और नेक कमाई के संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि अलवर की महिलाओं के हाथों से बना जूट का सामान बहुत बेहतर किस्म का है जिसकी मांग देश के विभिन्न भागों और विदेशों में है। इनके जूट के समान को अमेरिका में भी सैंपल के तौर पर भेजा गया है जिसे स्वीकार



कर लिया गया है। ऐसी महिलाओं को नेक कमाई फाउंडेशन इन महिलाओं को प्रशिक्षण देगा और इनके बनाए हुए उत्पाद को विदेशों तक भिजवाएगा। ऐसी महिलाओं के कल्याण व प्रशिक्षण के लिए डॉक्टर गोपाल राय चौधरी ट्रस्ट की ओर से कई कार्यक्रम चलाए जाएंगे ।कार्यक्रम संयोजक और देव ऋषि आश्रय संस्थान अध्यक्ष शिवानी शर्मा ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए इनके हाथों से बनाए बैगों को समाज को अपनाना चाहिए जिससे इन्हें स्वरोजगार मिल सके।कार्यक्रम में पल्लवी सपरा ने कहा कि सहायता समूह की महिलाओं ने बिंदु कपूर के नेतृत्व में बेहतर काम किया है जिनके हाथों से बने बैग, गिफट हैंपर सहित कई सामान अच्छे बड़े स्तर पर बिक सकता है। कार्यक्रम का संचालन तारेश जोरवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान, शीला देवी, दयावंती, बिंदु कपूर, रचना कालरा , रजनी शर्मा, पल्लवी सपरा, मनोज सिंघल और दस्तकार महिलाएं भी उपस्थित रही। इस अवसर पर डॉक्टर गोपाल राय चौधरी ट्रस्ट की ओर से दस्तकार महिलाओं को शॉल व साड़ी सहित अन्य सामान देकर सममानित किया गया। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि नेक कमाई समूह के दो स्वावलंबन केन्द्र पहले से चल रहे हैं जिनमें महिलाओं को निशुल्क सिलाई सिखाई जाती है। जिले में गरीब महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें जूट व अन्य वस्तुओं का हाथ से सामान बनाए जाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर पौधों का वितरण भी किया गया। संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल का कहना है कि परिवार को सुखी व समृद्ध बनाने के लिए महिलाओं को स्वावलंबी बनाए जाने पर जोर दिया जाना आवशयक है। समाज में महिलाएं कुछ नवाचार करना चाहती है जिसके लिए उन्हें मागदर्शन की आवशयकता है। अंत में शिवानी शर्मा ने आभार जताया।

## बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में जीवन और प्रकृति विषय पर हुआ तार्किक व्याख्यान

### विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर डाला गया फोकस

चमकता राजस्थान

**शाहपुरा (खलील कुरैशी)** शहर बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. पुनर्दत्त मीना के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई प्रथम एवम् ईकाई द्वितीय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर 'जीवन और प्रकृति' विषय पर व्याख्यान, महाविद्यालय में पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण की शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश बेनीवाल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि प्रकृति का सम्मान उसकी रक्षा करने का। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल करें। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करें, जल का अपव्यय रोकेंगे और प्राकृतिक स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाएंगे। प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे



तथा धरती के संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, पुनः उपयोग एवम् पुनर्चक्रण (Reduce, Reuse, Recycle) को बढ़ावा देंगे। डॉ. मीना ने व्याख्यान में कहां कि इस वर्ष 2024 में दुनियां में विश्व पर्यावरण दिवस भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता' की थीम के साथ मनाया जा रहा है। जिस तरह से हर साल प्रकृति का संतुलन बिगड़ता जा रहा है ग्लोबल वार्मिंग और ओजोन संकट के साथ कभी अत्यधिक गर्मी, कभी सर्दी, कभी वर्षा का अभाव इत्यादि को रोकने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक रूप से पर्यावरण को बचाना चाहिए। प्रकृति दुनिया के सभी जीवों की पालक है इसलिए इसके संवर्धन ने लिए सरकारी, गैर सरकारी और व्यक्तिगत सभी स्तरों पर कार्य करने की जरूर है जिससे साझे प्रयास से ही इस सांझी विरासत को संवर्धित किया जा सके। कार्यक्रम में प्रकाश चंद्र ढबास, राकेश कपूरिया, राजेश सैनी, शिवनारायण मीना, ओम प्रकाश शर्मा, पांचू राम एवम्‌स्वयं सेविकाएं उपस्थित रही।

## डी.पी.एस इन्टर्नेशनल स्कूल कैंथरी सैंपऊ में बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण )** जिला धौलपुर के सैपऊ उपखण्ड में डी पी एस इंटरनेशनल स्कूल कैथरी बोर्ड परीक्षाओं में 90% से अधिक अंक लाने करने वाले विद्यार्थीयो का किया स्वागत सामान, इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच बौहरे अजयकांत शर्मा, पंचायत समिति सदस्य ठाकुर अजय सिंह परमार, पूर्व सरपंच ठाकुर जोगेश्वर सिंह, बोहरे रामनरायण दादा, गौरव परमार, लव परमार, कुश परमार, रजनीकांत शर्मा एवं ग्राम के वरिष्ठ एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, बच्चों को स्वाफा पहनाकर पुरस्कार एवं मिठाई वितरित की गई स्कूल व्यवस्थापक दुष्यंत पाराशर एवं प्राचार्य जे पी शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया सभी कर्मचारी बबिता, वन्दना, निहारिका,सोनम, प्रियंका, शिवानी, नीतेश, सोनवीर, कुमकुम रामप्रसाद, लालाराम उपस्थित रहे!

## दो माह से क्षतिग्रस्त अवस्था में वाटर कूलर

- स्थानीय प्रशासन की अनदेखी



**चमकता राजस्थान । वैर (राजवीर सिंह)।** कस्बा वैर के बस स्टैंड पर तालाब के पास एक वाटर कूलर काफी समय से क्षतिग्रस्त स्थिति में पड़ा हुआ है जिसकी थोंटी इधर उधर घूमती नजर आ रही है, कस्बे में वाटर कूलर की स्थिति काफी खराब दिखाई दे रही है बस स्टैंड के वासिंदो के द्वारा बताया गया है कि गर्मी का तापमान चरम सीमा पर बड रहा है लेकिन बस स्टैंड पर पानी पीने की सुविधा भी नहीं है । गर्मी का मौसम होने के कारण यात्रियों को आने जाने वाले राहगीरों को पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कस्बे वासियों के द्वारा बताया गया कि 2 महीने से यह वाटर कूलर खराब पड़ा हुआ है। जो कि क्षतिग्रस्त अवस्था में लावारिस की तरह पड़ा हुआ है। इस हालत को देखकर जब उपखंड अधिकारी सचिन यादव व्हाट्सएप के माध्यम से दो बार अवगत करा दिया गया । लेकिन प्रशासन का कोई जवाब नही मिला इस ओर प्रशासन का का कोई ध्यान आकर्षित नहीं है प्रशासन से अपील की है कि वाटर कूलर चालू करवाकर गर्मी के मौसम में पानी की व्यवस्था करावे।

## कल निकलेगी चंवरा-किशोरपुरा के पलटूदास अखाड़े के पंचमुखी हनुमान मंदिर में कलश यात्रा

- मोरिंडा धाम में कल कलश यात्रा के साथ होगा 10 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ

चमकता राजस्थान



उदयपुरवाटी/ चंवरा( सुमेर सिंह राव)चंवरा-किशोरपुरा के पलटुदास दास अखाड़े के पंचमुखी बालाजी महाराज मोरिंडा धाम में कल शुक्रवार को महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसी के साथ 10 दिवसीय गंगा दशहरे मेले का शुभारंभ किया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गजराज सिंह शेखावत ने बताया कि 7 जून को कलश यात्रा के बाद पुष्कर धाम के कथावाचक रामस्वरूप दास द्वारा प्रतिदिन राम कथा की जाएगी। 15 जून को रात्रि में भजन संध्या होगी जिसमें मारवाड़ के सुप्रसिद्ध कलाकार श्री कुंज बिहारी सुजानगढ़ एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। 16 जून को धाम में मेला लगेगामहाआरती के पश्चात भगवान को प्रसाद का भोग लगाकर उपस्थित श्रद्धालु भंडारे का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### भीषण गर्मी से राहत के संदर्भ में पक्षियों के लिए शिक्षा संकुल परिसर में लगाए सेकडों परिंडे.

# यूएचआरसी के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित हुआ वृक्षारोपण एवं महापरिंडा अभियान कार्यक्रम

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) । यूनिवर्सल 'मन राइट्स काउंसिल द्वारा संचालित परिंडा लगाओ महाअभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्य अतिथि श्री राजेश लवानिया -सचिव आरएसओएस द्वारा महा परिंडा अभियान व पौधारोपण का शुभारंभ किया गया। यूएचआरसी टीम द्वारा शिक्षा संकुल परिसर जयपुर में परिंडा लगाओ महाअभियान व पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत व अध्यक्षता डॉ तरूण बांकोलिया राष्ट्रीय अध्यक्ष- यूनिवर्सल




'मन राइट्स काउंसिल की रही। विशिष्ट अतिथि नैना जोशी व श्रीराम ब्याडवाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूएचआरसी रहे। कार्यक्रम में संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.तरूण बाकोलियां ने कहा कि सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस-पास गौरेया,मैना और अन्य पक्षियों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। घरों के बाहर फुदकती गौरेया बच्चों सहित बड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है।राजेश लवानिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गर्मियों में घरों के आसपास पक्षियों की चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें और अधिक से अधिक परिंडे लगा नेक कार्य में अपना योगदान करें। मानवाधिकार संगठन यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल द्वारा परिंडा महा अभियान व पौधारोपण कार्यक्रम संगठन द्वारा देश के सभी राज्यों में आयोजित हुआ हैं।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित कृष्ण मुरारी शर्मा निजी सचिव, सविता मंगल,अजय बल्वदा, प्रदेश अध्यक्ष इंद्रराज मीना, प्रदेश महासचिव देवनारायण खोलिया, सुरजभान बुनकर, सचिव गोविन्द भारती, रामस्वरूप वर्मा, जगमोहन बंशीवाल प्रदेश सचिव, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, समाज सेवी राकेश शर्मा, आशीष पांचाल, राजेश मीणा, जितेंद्र पाराशर समस्त ने स्वागत किया।

## करौली-धौलपुर नवनिर्वाचित सांसद जाटव का अभिनन्दन, कहा

# धौलपुर व करौली जिले की प्रजा का कर्जदार

➲ केन्द्र में बनेगी इण्डिया गठबन्धन की सरकार- भजनलाल जाटव



**चमकता राजस्थान**

**वैर (राजवीर सिंह)।** करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद व पूर्व केबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव ने निज गांव झालाटाला में पत्रकारों से कहा कि केन्द्र में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनेगी और देश व प्रदेश की जनता ने भाजपा व उसके सहयोगी दलों को करारा जवाव दिया है। वही राजस्थान की जनता ने 25 में से 11 सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी जीता कर असत्य को पराजित किया। प्रदेश की भाजपा सरकार को प्रदेश में हार स्वीकार कर त्यागपत्र दे देना चाहिए। क्यू कि साल 2018 से 2023 तक तत्कालीन कांग्रेस सरकार एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में हुए विकास तथा आमजन हितकारी योजनाओ का ये परिणाम है। तभी प्रदेश में भाजपा की हार हुई। उन्होने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के बदलते ही भाजपा ने चिंरजीवी योजना बन्द कर दी,इस योजना से प्रदेश की जनता को 25 लाख तक का निःशुल्क उपचार होता था। जनता को रसोई का सामान फ्री मिलता और बिजली, पानी, सडक, चिकित्सा, शिक्षा, उच्च शिक्षा आदि की बेहतर सुविधाए मिली। जैसे ही प्रदेश में भाजपा की सरकार आई और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बने, तो भरतपुर जिले की जनता को कई उम्मीदे जागी कि जिले का विकास होगा और प्रदेश का विकास होगा। भाजपा के गुजरे छह माह के कार्यकाल में कुछ नही हुआ, कांग्रेस सरकार के द्वारा चलाई योजनाएं बन्द कर दी और कई योजनाओं का नाम बदल दिया। उन्होने कहा कि भरतपुर-डीग जिला में जन्म व कर्मस्थली है, भरतपुर जिले की जनता ने मुझे साल 2014 एवं 2018 में लगातर दो बार विधायक चुना और लोकप्रिय रहे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुझे पहले राज्यमंत्री और उसके बाद केबिनेट मंत्री बनाया तथा पीडब्ल्यूडी महकमें की जिम्मेदारी दी। मेरे कार्यकाल में प्रदेश, जिला एवं वैर विधानसभा क्षेत्र में सडकों काजालबिछाऔरभरतपुर, धौलपुर व करौली जिले को सडक मार्ग से जोडा, जिससे इन जिलों के अनेक गांव सडक मार्ग से जुडे। जो मार्ग देश की आजादी से 2018 तक सडक से नही जुडे थे। उन्होने कहा कि करौली व धौलपुर जिले की जनता ने मुझे सांसद चुना है,उसका हम कर्जदार है और इन जिले की समस्त सरदारी ने मुझ पर विश्वास किया। उन्होने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उसके सहयोगी दलों की सरकार नही बनेगी। ये जल्द ही ताश के पत्ते की भांति बिखर जाऐंगे। केन्द्र में अब इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनेगी, जिसका देश की जनता इन्तजार कर रही है। उन्होने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजस्थान की जनता को गुमराह करने के लिए ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट की स्वीकृति और समझौता की बात कही, जो असत्य थी, कांग्रेस ने इन दोनों मुख्यमंन्त्रियों से समझौता के कागजात मांगे, लेकिन नही दिए। अब हम प्रदेश के विकास, पेयजल, सिंचाई आदि की समस्या को जनता के द्वारा चुने गए 11 लोकसभा सदस्य बुलन्द आवाज से उठाऐंगे और ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट की स्वीकृत कराऐंगे। करौली-धौलपुर के नवनिर्चाचित सांसद भजनलाल जाटव का कृषि उपज मंण्डी वैर-भुसावर के पूर्व चेयरमेन तोताराम प्रधान, उद्योगपति बन्टी शर्मा घाटरी, ताजपुर के पूर्व सरपचं मोहन सिंह गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वैर के पूर्व अध्यक्ष रंगलाल मीणा, धारा सिंह मीणा, प्रमुख व्यापारी योगेश जिन्दल आदि ने चांदी का मुकुट व साफा पहनाकर स्वागत किया।

## दौसा जिले में सीओ बांदीकुई पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# गैंगरेप के दो आरोपी टिंकू कुमार व राकेश कुमार मीणा गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान**



जयपुर/दौसा! (खलील कुरैशी) 5 जून। दौसा जिले के बैजूपाड़ा थाना इलाके में 25 मई की रात घर के बाहर चारपाई पर सो रही नाबालिग बालिका को डरा धमकाकर अगवा कर गैंगरेप करने के मामले में पुलिस ने 10 हजार के इनामी आरोपी टिंकू कुमार उर्फ टीकाराम मीणा पुत्र प्रकाश चंद (22) निवासी पिपली पाड़ा थाना बालाहेडी एवं 5 हजार के इनामी राकेश कुमार मीणा पुत्र रमेश चंद्र निवासी कोठीन तन बैजूपाड़ा को बुधवार को सीओ कार्यालय बांदीकुई की टीम ने मानपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है।एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि 25 मई को परिवादी ने थाना बैजूपाडा पर रिपोर्ट दी कि रात में नाबालिग पीड़िता अपने घर के बाहर खुले में चारपाई पर सो रही थी। लगभग 1:00 बजे टीकाराम मीणा और उसके दो साथी विष्णु मीणा व राकेश मीणा बाइक से वहां आए और नाबालिग को डरा धमका कर हथियार दिखा अपहरण कर जबरदस्ती अपने साथ ले गए। नशीला पदार्थ सूंघा कर आरोपियों ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया और लावारिस हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी शर्मा ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आईजी रेंज अनिल कुमार टांक के निर्देश पर उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश अग्रवाल के सुपरविजन एवं सीओ रोहिताश देवन्दा के नेतृत्व में थाना अधिकारी बैजूपाड़ा सुरेंद्र सिंह की विशेष टीम गठित की। घटना के तीनों आरोपियों पर पूर्व में दो-दो हजार रुपये का इनाम रखा गया था। गठित टीम द्वारा एक आरोपी विष्णु मीणा को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष दोनों आरोपी टिंकू कुमार उर्फ टीकाराम मीणा व राकेश कुमार मीणा घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे और पुलिस पकड़ से दूर थे। इस पर टिंकू की गिरफ्तारी पर 10 हजार व राकेश की गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम रखा गया। एसपी शर्मा ने बताया कि बुधवार को सीओ कार्यालय विशेष टीम द्वारा दोनों आरोपियों को मानपुर चौराहे से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में एएसआई मुकेश एवं कांस्टेबल चालक जितेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही है।

## संक्षिप्त खबर

### ससुराल में दिखाना था रुतबा, कर ली घर के बाहर खड़ी कार की चोरी



**चमकता राजस्थान, जयपुर/चित्तौड़गढ़ (खलील कुरैशी)।** चितौड़गढ़ जिले में नई-नई शादी होने के बाद ससुराल में रुतबा जमाने भादसौड़ा कस्बे से कार चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी की पहचान कर मंगलवाड थाने के सेमलिया महादेव निवासी आरोपी लोकेश उर्फ़ नरगिस भील पुत्र नारायण लाल को गिरफ्तार कर चुराई गई कार बरामद कर ली है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि 27 मई को प्रेम सैनी के घर के बाहर खड़ी मारुति ईको कार अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए थे। इस पर मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी की तलाश व गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह व सीओ अनिल शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ अर्जुन सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज और आ सूचनाए प्राप्त कर संदिग्धों की पहचान कर मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल व टावर लोकेशन का विश्लेषण किया। उसके बाद पुलिस ने आरोपी लोकेश उर्फ़ नरगिस भील को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी अभी नई-नई शादी हुई है और उसे अपने ससुराल जाना था। ससुराल में रौब जमाने के लिए उसने इको कार की चोरी कर ली। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के कई स्थानों पर लगाए पौधे



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को जिले के चिकित्सालयों और सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण हुआ। इस अवसर पर चिकित्सालयों और सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिले में समस्त चिकित्सा संस्थानों पर पौधे लगाए गए और इनकी सार संभाल का प्रण लिया गया। वर्ष 2024 की थीम ₹भूमि पुनस्थापना, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन₹ पर पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति नजरिया बदलने का संदेश दिया गया।उन्होंने बताया आमजन से अपील की कि आमजन इस अवसर पर अधिकाधिक पौधे लगाए और सामाजिक जीवन मे सकारात्मक जिम्मेदारी निभाए। पौधारोपण करने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण का व्यक्ति के स्वास्थ्य गंभीर दुष्परिणाम की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए।

### बंसीवाल मानव सेवा समिति ने पर्यावरण दिवस पर किए पौधे वितरण



**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** बंशीवाल मानव सेवा समिति के अध्यक्ष हेमंत बंशीवाल ने लोगों को पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखने के लिए पौधे लगाने के लिए अनुरोध किया और उनकी देखभाल करने की शपथ दिलाई। बैठक में सभी सदस्यों को छायादार फूल व फल वाले पौधे वितरण किए।समिति के सदस्य अमित कुमार कर्दम ने बताया कि आने वाले समय में मानसून के दिनों में अधिक से अधिक स्कूल, पार्क ,सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए जाएंगे इस मौके पर कमलेश कुमार जाटव, पवन सेन, मोनू दिवाकर, चंद्रप्रकाश यादव, सोनू दिवाकर, मोहित, रोहित, शशिकांत प्रजापत आदि।

### कृषि विभाग के अधिकारियों ने राजहंस नर्सरी का किया निरीक्षण

**चमकता राजस्थान अलवर।** अतिरिक्त निदेशक कृषि खंड भरतपुर देशराज सिंह चौधरी एवं संयुक्त निदेशक उद्यान खंड भरतपुर योगेश शर्मा द्वारा आज राजहंस नर्सरी नारायण विलास अलवर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि नर्सरी में सभी प्रकार के पौधों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित करें। साथ ही तेज धूप से बचाने हेतु पौधों को ढककर रखे। नर्सरी के पौधों को पर्याप्त पानी एवं उपजाउ मिट्टी में ही रखे ताकि पौधे खराब नहीं होवे। साथ ही नर्सरी में पौधे लेने हेतु आने वाले व्यक्तियों को उनकी आवशयकतानुसार पौधे उपलब्ध करावे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया इस दौरान कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, उद्यान विभाग के उप निदेशक कन्हैयालाल मीणा व सहायक निदेशक मुकेश चौधरी, कृषि अधिकारी संदीप, नर्सरी मैनेजर सीस मोहम्मद संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नव निर्वाचित सांसद राव राजेन्द्र सिंह का राम सिंह चन्दलाई ने किया भव्य स्वागत



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** श्री राजपूत सभा भवन में राव राजेन्द्र सिंह के जयपुर ग्रामीण लोक सभा सीट पर विजयी होने पर, श्री राजपूत प्रदेशाध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर साफा पहनाकर, एवं मोमेंटो भेंट कर गर्मजोशी से जोरदार स्वागत किया तथा इस पावन और खूशी के मौके पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह का मुंह मीठा करवाकर जीत की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई दी। सभाध्यक्ष चन्दलाई ने कहा कि राव साहब के कुशल नेतृत्व में जयपुर ग्रामीण लोक सभा क्षेत्र प्रगति के पथ पर चंहुमुखी विकास के नये आयाम स्थापित करेगा।इस अवसर पर राजपूत सभा के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, सहमंत्री मोहन सिंह बगड़, कोषाध्यक्ष प्रधुमन सिंह मूंडरू, गजराज सिंह कैलाई एडवोकेट, पृथ्वी सिंह कालीपहाड़ी, विरेन्द्रपाल सिंह, एडवोकेट,श्री राजपूत सभा जिला इकाई जयपुर ग्रामीण के महामंत्री गोपाल सिंह धीरावत, श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के संयुक्त सचिव राजेन्द्र सिंह शेखावत, शंकर सिंह फतेह निवास, गणेशजी प्रधान, एडवोकेट शत्रुघन सिंह खंगारोत, डॉ. गजेन्द्र सिंह शेखावत आदि के साथ एस.एम.एस. संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं समाज के गणमान्य लोगों ने मालाऐं पहनाकर स्वागत कर बहुत-बहुत बधाई दी।

## धौलपुर के मजदूर के बेटे ने पहले प्रयास में नीट परीक्षा में मारी बाजी



**चमकता राजस्थान, धौलपुर ( रामदास तरुण)।** की प्रमुख खबर जिला धौलपुर की सरमथुरा उपखण्ड के गांव खरौली कसारियापुरा के हाल ही में आए नीट परीक्षा के परिणाम में कई ऐसे सफल स्टूडेंट सामने आए हैं। जिन्होंने कड़ी मेहनत और संघर्ष के दम पर ये सफलता हासिल की है। नीट परीक्षा में उतीर्ण हुए हर एक स्टूडेंट की सफलता और संघर्ष की एक अलग कहानी है। उन्ही में से एक हैं! नीट परीक्षा पास करने वाले सरमथुरा तहसील के खरौली पंचायत के गांव कसारियापुरा के अनेक मीना पुत्र रामनरेश मीना ने पहले प्रयास में कड़ी मेहनत की और सफलता पाई। जिन्होंने 720 में से 605 अंक हासिल कर ऑल इंडिया 484 रैंक हासिल की है। इस दौरान उसने मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखी। इस सफलता में विशेष योगदान टीम हर घर शिक्षा कार्यकर्त्ता संतराम मीना का रहा है! जो रेलवे में टेक्निकल पोस्ट पर झांसी कार्यरत हैं। वह बताते हैं, कि मेने छोटे भाई अनेक को समय - समय पर मोटिवेट किया। फ्यूचर डॉ. अनेक रोजाना 9 घण्टे सेल्फ स्टडी करते थे! और कहते हैं, कि जिंदगी में सफलता प्राप्त करनी है! तो लगातार लग्न और मेहनत के साथ अपना काम करना होगा। मेने यह फील्ड इसलिए चुना क्योंकि में भविष्य में गरीबों की सेवा कर सकू, टीम हर घर शिक्षा के साथ मिलकर करनी है। मेने सुना है, कि डॉक्टर भगवान का रुप होते हैं। इनके माता पिता का कहना है! कि बेटा अनेक हमारा सबसे बडा बेटा है जो हमेशा से डॉक्टर बनने का जुनून मन में लिए फिरते था, जो आज सफल हुआ।

# जयपुर विकास प्राधिकरण कर रहा नवीन अवैध कॉलोनियों पर ताबडतोड कार्रवाई

**साढ़े तीन बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त**

**तीन स्थानों पर छः अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त**






**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में ग्राम नांगल पुरोहितान तहसील रामपुरा डाबरी में करीब 3.5 बीघा गैर-मुमकिन नाले की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। निजी खातेदारी की करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों का पूर्णतः ध्वस्तीकरण। जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 12 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नांगल पुरोहिता- तहसील रामपुरा डाबरी के खसरा नं. 679 गैर-मुमकिन नाले की करीब 3.5 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल बनाकर, तारबंदी कर अवैध रूप से फसल उगाई जा रही थी। जिसकी षिकायत प्राप्त होने पर धारा 72 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था परन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर मुमकिन नाले की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम चौमू, कचौलियां रोड़ जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कस्बा चौमू वीर हनुमान मन्दिर रोड़, जिला जयपुर में ही करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''बालाजी विहार'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।इसी प्रकार जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम दहमीकलां, जिला जयपुर में करीब 2.5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''ऑफिसर्स कैम्पस'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, चारदिवारी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम दहमीकलां, जिला जयपुर में ही करीब 2.5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''लक्ष्मी सरोवर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, सीमेन्ट के ब्लॉक के बाउण्ड्रीवाल, चारदिवारी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। साथ ही जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मानसिंहपुरा, बेगस, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''ओजस्वी नगर-2'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, चारदिवारी, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिचपड़ी में सचिवालय नगर, जेडीए कॉलोनी के पास, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल, पत्थरघढ़ी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाई जाने पर प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## एक नजर

### राधामोहन सिंह 88,287 मतों से जीतकर सातवीं बार बने सांसद



**पूर्वी चंपारण।** लोकसभा चुनाव में पूर्वी चंपारण निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी राधामोहन सिंह ने सातवीं बार जीत हासिल कर रिकार्ड बनाया है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी इंडिया गठबंधन के वीआईपी उम्मीदवार डॉ. राजेश कुमार को 88, 287 वोटों से हराया। राधामोहन सिंह को कुल 5,42,193 मत मिले, जबकि डॉ. राजेश कुमार को 4,53,906 मत प्राप्त हुए। वहीं, पोस्टल बैलेट में सिंह को 1595, जबकि डॉ. राजेश को 2788 मत प्राप्त हुए। वहीं, नोटा में 19788 मत प्राप्त हुए। सिंह मतगणना के शुरू होते ही अपने प्रतिद्वंदी पर बढत बनाये रहे। जो अंत तक जारी रहा। राधामोहन सिंह पूर्वी चम्पारण क्षेत्र से 10 बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े जिसमें वे सातवीं बार चुनाव जीत कर रिकार्ड बनाने में सफल साबित हुए। प्रत्येक विधानसभा में प्राप्त मतो का आंकड़ो पर गौर करें तो इस चुनाव में हरसिद्धि विधानसभा एक ऐसा क्षेत्र रहा जहां राजेश कुमार ने कड़ी टक्कर देते नजर आये। इस विधानसभा में राधामोहन सिंह को 82118 वोट मिले जबकि डॉ. राजेश 86301 मत प्राप्त हुआ। वहीं गोविंदगंज राधामोहन सिंह को सर्वाधिक 89629 वहीं वीआईपी के डॉ. राजेश 55641 मत मिला है।

### विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर जगह - जगह लगाए गए पौधे

**भागलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर जिले में विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भागलपुर पुलिस लाइन में महिला और पुरुष जवानों ने पौधारोपण किया। इस दौरान पुलिस लाइन से सिपाही धनंजय पासवान ग्रामीण क्षेत्र में 11 सौ पौधा लगाने अपने साथी जवान के साथ रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि भागलपुर में कार्यरत पुलिस जवान धनंजय पासवान ड्यूटी पूरा करने के बाद बचे हुए समय में लोगों को सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए लोगों को जागरुक करते हैं और अपने पैसे से हेलमेट बांटते हैं। प्रत्येक साल विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर धनंजय पासवान ने 11 सौ पौधे लगाने और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है। पुलिस अधिकारियों ने धनंजय पासवान के इस पहल की प्रशंसा की है।

### देशी महुआ शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार,दो बाइक जब्त

**नवादा ।** नवादा के उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा के निर्देश पर उत्पाद एसआई पिंटू कुमार ने बुधवार को रजौली थाना क्षेत्र के जॉब कला डैम और हाथोचक गांव से छापेमारी कर दो बाइक पर लदे 145 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब बिक्री की सूचना लगातार मिल रही थी। एक टीम का गठन कर संघन छापेमारी अभियान चलाया गया,जिसमें अकबरपुर थाना क्षेत्र के लोहसिंघना गांव निवासी सहदेव प्रसाद के 35 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार और कुलदीप यादव के 24 वर्षीय पुत्र पप्पू यादव को देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही स्पलेंडर और शाइन दो बाइक को जब्त किया गया है।

### कोर्ट क्रशर्स ने बीजेटी लीग में तीसरा स्थान हासिल किया



**कोलकाता।** हाल ही में सॉल्टलेक के बीटीए कॉम्प्लेक्स में बंगाल जूनियर टेनिस लीग-2024 का आयोजन किया गया था । उपरोक्त प्रतियोगिता में 6 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें से कोर्ट क्रशर्स टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया` किशन कुमार अग्रवाल (मी एन्ड माय फ्रेंड्स) और राकेश पांडेय (हेक्समेड) इस टीम के ओनर हैं` वहीं एसके अबू अयान, अद्वैत नवनीत अय्यर, सिद्धांत महापात्रा, सुभ्रदीप मुखोपाध्याय, लक्ष्य विमल, अनुष्का साहा, मिहिका रॉय और ऋतुजा साहा इस टीम के खिलाड़ियों में से हैं` इस टीम के मेंटर रहीं अमृता मुखर्जी सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि एनजीओ मी एंड माय फ्रेंड्स ने भी उपरोक्त लीग में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

### पर्यावरण के लिए संजीवनी है वृक्षारोपणः डॉ. अनुज

**नवादा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नवादा जेल , मॉडर्न स्कूल परिसर में सैकड़ो पेड़ लगाकर पृथ्वी की रक्षा का संकल्प लिया गया। नवादा मंडल कारा में अधीक्षक अजीत कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर वर्मा जी के नेतृत्व में वृक्ष ओपन किया गया । मॉडर्न ग्रुप के निदेशक डॉक्टर अनुज के नेतृत्व में स्कूल परिसर में सैकड़ों पेड़ लगाए गए। डॉ अनुज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास की दौड़ में हमने अपने स्वार्थवश प्रकृति का अविवेकपूर्ण और अंधाधुंध दोहन किया है, इसके कारण आज पूरी पृथ्वी भट्ठी की तरह तप रही है तापमान हर वर्ष नई ऊंचाइयां छू रहा है और आम आदमी को गर्मी की विभिषिका झेलनी पड़ रही है विद्यालय तो बंद रखना पड़ ही रहा है। घर में भी लोग गर्मी से परेशान हैं इन समस्याओं से बचाव का एकमात्र उपाय है कि हम ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं ।

## मोदी के शपथ ग्रहण के दिन कालीघाट में हाई वोल्टेज मीटिंग

# 42 उम्मीदवारों के साथ बैठेंगे ममता–अभिषेक

**पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी नेता राज्य को केंद्र से वंचित किए जाने के खिलाफ आंदोलन जारी रखना चाहते है**



संवाददाता

**कोलकाता।** मोदी के शपथ ग्रहण के दिन कालीघाट में हाई वोल्टेज मीटिंग। अगले शनिवार को तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी राज्य के 42 लोकसभा क्षेत्रों के विजेता और हारे हुए उम्मीदवारों के साथ बैठक करने जा रहे हैं। शुरूआत में इस बात पर सहमति बनी कि यह बैठक बुधवार को होगी। लेकिन पार्टी सूत्रों के मुताबिक, अभिषेक इस दिन दिल्ली में इंडिया अलायंस की बैठक में शामिल होने गए हैं, इसलिए बैठक का दिन बदल दिया गया है। राज्य की 42 में से 29 सीटें तृणमूल ने जीतीं। 12 में कमल खिला। हालाँकि पार्टी नेता ने शिकायत की, कांथी, तमलुक को उन्हें खोने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्हें बालुरघाट में नुकसान को लेकर भी संदेह है। ऐसे में कालीघाट बैठक में 42 विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों को बुलाया गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी नेता राज्य को केंद्र से वंचित किए जाने के खिलाफ आंदोलन जारी रखना चाहते हैं। वह 29 सांसदों को दिल्ली में उस आंदोलन की गति को बढ़ाने का संदेश देना चाहते हैं। इसके अलावा पार्टी हारे हुए सांसदों को यह संदेश भी देना चाहती है कि जिन संसदीय क्षेत्रों में हार माननी पड़ी है वहां पार्टी की अगली रणनीति क्या होगी। भगबानगोला और बारानगर के दो नवनिर्वाचित विधायकों रेयात हुसैन और सायंतिका बंद्योपाध्याय को भी बुलाया गया है। इसी बीच अभिषेक इंडिया अलायंस की बैठक में शामिल हुए। राजनीतिक हलके का मानना है कि वहां सहयोगी विपक्ष की गतिविधियों की रूपरेखा तय की जा सकती है। उस बैठक के बाद अभिषेक कोलकाता लौटेंगे और पार्टी नेत्री को पूरी रिपोर्ट देंगे। उम्मीद है कि इसके बाद तृणमूल अपनी रणनीति तय करेगी। जानकार मानते हैं कि शनिवार को होने वाली बैठक में नए सांसदों और हारे हुए प्रत्याशियों को रणनीति समझाई जाएगी।

### राम आया, इन्साफ आया, बीजेपी को खोंचा देकर दिल्ली गए अभिषेक

**कोलकाता।** 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली गए अभिषेक बनर्जी। बुधवार को दिल्ली में एनडीए की सरकार गठन को लेकर बैठक होगी तो दूसरी ओर इंडिया अलायंस की बैठक होगी। इस दिन सुबह से ही दोनों खेमों के नेताओं का दिल्ली जाना शुरू हो गया। अभिषेक इस दिन दोपहर में कोलकाता बिमान बन्दर पर पहुंचे। राज्य में बीजेपी को हराने के बाद रिकॉर्ड वोटों से जीत हासिल करने वाले तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव और डायमंड हार्बर सांसद ने कहा, 'जिन लोगों ने एक महीने पहले भी बंगाल में प्रचार किया था, उन्होंने कहा था कि बीजेपी को 30 सीटें मिलेंगी और तृणमूल की सरकार नहीं बनेगी। अब उनकी सरकार बनने पर सवाल खड़ा हो गया है।" "शक्ति का दिखावा करना अच्छी बात नहीं है। " इसके बाद उन्होंने कहा, "लोगो की शक्ति को कम मत समझे। " अभिषेक ने इस मुलाकात के बारे में कुछ खास नहीं कहा। बस कहें, 'चलो एक बैठक करते हैं। सबसे बात करो। कोलकाता को लौटें।

### नीतीश और तेजस्वी एक ही फ्लाइट से दिल्ली रवाना होने पर सियासी हलचल तेज



एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद के कयासों का बाजार भी गर्म हो गया है। केन्द्र में भाजपा सरकार बनाने की तैयारी कर रही है और बिहार में नीतीश कुमार के पलटी मारने की चर्चा जोरों पर है। इस बीच बुधवार को नीतीश और तेजस्वी एक ही फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हुए। दोनों की विमान में एकसाथ वाली तस्वीर सामने आयी है, जिसे देखकर नीतीश के दोबारा आईएनडीआई गठबंधन में जाने की चर्चा को और हवा मिल रही है। तस्वीर में फ्लाइट में अगली सीट पर नीतीश कुमार बैठे हैं तो उनके ठीक पीछे वाली सीट पर तेजस्वी यादव बैठे नजर आ रहे हैं। हालांकि, भाजपा के लिए थोड़ी राहत जरूर है कि इसी फ्लाइट में नीतीश कुमार के साथ लोजपा (रामविलास) के चीफ चिराग पासवान और उनकी पार्टी के तमाम नवनिर्वाचित सांसद भी मौजूद हैं। चिराग ने पहले ही साफ कर दिया है कि वह और उनकी पार्टी भाजपा के साथ है। इस चुनाव में भाजपा बहुमत के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पायी है। सहयोगियों के बदौलत केंद्र में एक बार फिर एनडीए की वापसी होनी है। इस बीच एनडीए और आईएनडीआई गठबंधन की बैठक दिल्ली में आज ही होनी है, जिसके लिए नीतीश कुमार दिल्ली गये। दोनों ही गठबंधन को नीतीश कुमार की पार्टी जदयू की जरूरत है। ऐसे में हर किसी की नजर नीतीश कुमार पर है।

## जेपी नड्डा अमित शाह का जनसभा व नरेन्द्र मोदी लहर झंझारपुर में जीत का संवाहकः नीतीश मिश्रा



एजेंसी

**मधुबनी।** जिला के झंझारपुर संसदीय क्षेत्र से जदयू उम्मीदवार रामप्रीत मंडल की जीत पर चहुंओर से हर्ष जताया। झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में जदयू उम्मीदवार रामप्रीत मंडल अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी वीआइपी के सुमन महासेठ को सिकस्त दिया। झंझारपुर क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार की जीत को नरेन्द्र मोदी लहर का ही परिणाम बताया। झंझारपुर के भाजपा विधायक मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि यहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व अमित शाह का विशाल जनसभा व माननीय नरेन्द्र मोदी लहर सांसद रामप्रीत मंडल का जीत का मुख्य कारण रहा। विगत पांच बर्षों में सांसद रामप्रीत मंडल का आमजन से सीधा सम्बन्ध में त्रुटिपूर्ण व्यवहार की चर्चा मतदान शुरू होने व जदयू प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से काफी तेजी से होने लगी।परन्तु बाद में झंझारपुर के क्षेत्रीय विधायक मंत्री नीतीश मिश्रा ने चुनावी मोर्चा संभाला। युथ आइकॉन नीतीश मिश्रा का अथक परिश्रम चुनावी मिजाज में जनता की 'ग्रिवान्सेज' को सही रूप में पाटने में सफल रहा।दूसरी ओर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का राजनगर विधानसभा क्षेत्र में विशाल जनसभा चुनावी गणित में मोदी मय वातावरण में परिणत कर दिया।परिणामस्वरूप राजनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रामप्रीत पासवान के उत्कृष्ट प्रदर्शन से एनडीए उम्मीदवार रामप्रीत मंडल को यहां 84067 मत प्राप्त हुआ। झंझारपुर विधायक व मंत्री नीतीश मिश्रा के दत्तचित प्रयास चुनावी शमा में रंग लाया।झंझारपुर विधान सभा क्षेत्र में जदयू प्रत्याशी रामप्रीत मंडल को 91830 वोट प्राप्त हुआ। खजौली में भाजपा विधायक अरुण शंकर प्रसाद एड़ी-चोटी एक कर एनडीए उम्मीदवार रामप्रीत मंडल के पक्ष में कमर कस लिया। परिणामस्वरूप खजौली विधायक के प्रयास से यहां पर रामप्रीत मंडल को 82495 मत प्राप्त हुआ। जबकि प्रतिद्वन्द्वी सुमन महासेठ महज छियासठ हजार वोट पर अटक गए। ताज्जुब कि लौकहा विधान सभा क्षेत्र में राजद विधायक भारत भूषण मंडल का जलवा निरस्त रहा। लौकहा में एनडीए जदयू उम्मीदवार रामप्रीत मंडल को सर्वाधिक 96606 वोट मिला।बाबूबरही विधानसभा क्षेत्र में सांसद रामप्रीत मंडल को 93200 वोट मिला है । परन्तु आश्चर्य है कि राज्य सरकार में जदयू कोटा के मंत्री माननीया शीला मंडल के क्षेत्र फुलपरास विधान सभा में सबसे कम वोट सांसद रामप्रीत मंडल को मिला है।फुलपरास विधान सभा क्षेत्र में जदयू सांसद रामप्रीत मंडल को महज 83940 वोट निर्वाचन कोषांग के आंकड़े में दशार्या गया है।यहां पर प्रतिद्वन्द्वी सुमन महासेठ को साठ हजार से अधिक मत मिला है। झंझारपुर के यूथ आईकोन विधायक मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि हमने चुनाव के बीच पहले ही बता दिया था।झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार रामप्रीत मंडल की जीत में कोई इफ- वट नहीं है।

## देश की सीमा रक्षा के अलावा पर्यावरण सुरक्षा में भी दक्ष है सीमा सुरक्षा बल




एजेंसी

**किशनगंज।** सीमा सुरक्षा बल, जो वर्तमान में दुनिया का सबसे बड़ा बॉर्डर गार्ड बल है, सीमा सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभाता है। बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय मुख्यालय खगड़ा कैंप मे ईश औल उपमहानिरीक्षक के द्वारा उपस्थित सभी सीमा प्रहारियों को पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षित करने के संबंध में शपथ दिलाई गई। इस मौके पर वृक्षारोपन एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे मोना आल रीजनल प्रेसिडेंट परिवार कल्याण केंद्र एवं अन्य पदाधिकारी, क्षेत्रीय मुख्यालय के अधीन 17, 132 एवं 175वीं वाहिनियों सभी कमान अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवानों के साथ कुल 225 सीमा प्रहरी उपस्थित हुए। इस आयोजन के तहत क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर, 72वी एवं 152वी वाहिनी मुख्यालय पंजीपारा एवं सभी सीमा चौकियों मे आज के महत्त्वपूर्ण दिवस के उपलक्ष के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। ईश औल, उपमहानिरीक्षक, क्षेत्रीय मुख्यालय किशनगंज के द्वारा इस वर्ष की थीम भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने पर केंद्रित है, जिसका नारा है हमारी भूमि। इसके संबंध मे जानकारी देने के पश्चात कैंपस परिसर को प्लास्टिक से मुक्त करने का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ पेड़ो की महत्ता और पर्यावरण से जुड़े मुद्दे जैसे ब्लैक होल इफेक्ट, ग्रीन हाउस के प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग आदि पर सम्बोधित किया गया एवं सभी सीमा प्रहरी को तथा परिवार कल्याण केंद्र के सदस्यों के हाथों से वृक्षारोपण के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी गई।

## सारा हिसाब-किताब उलट गया और पद्म वोट ढह गया, तृणमूल की भारी बचत



संवाददाता

**कोलकाता।** अविश्वसनीय वापसी। तृणमूल का वोट प्रतिशत बढ़ा है। बीजेपी के पिटारे में पतन। बीजेपी के वोट सीधे तौर पर तृणमूल पर हैं। लेफ्ट-कांग्रेस के वोटों में काफी गिरावट आई है। वस्तुतः सभी हिसाब उलट पलट। लेकिन बीच में वोट प्रतिशत के आकलन को लेकर सवाल उठ गया। वोट प्रतिशत बढ़े या घटे, आखिर में लेफ्ट-कांग्रेस के वोट एक-दूसरे की जेब में ही गए? क्या एक-दूसरे के वोट एक-दूसरे को हस्तांतरित होते हैं? हालांकि कांग्रेस नेतृत्व अभी इस पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन पार्टी प्रत्याशियों के मन में इसे लेकर संशय है। मंगलवार को न तो सीपीएम और न ही वामपंथी नेतृत्व को सारे हिसाब-किताब मिले। हालाँकि, वाम मोर्चे का दावा है कि विशिष्ट उम्मीदवारों को उनके अपने 'समर्पित' वोट मिले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि लेफ्ट समर्थकों को लोगों का वोट नहीं मिला। 2019 में तृणमूल सकुल्या का वोट प्रतिशत 44 था। इस बार उनका वोट 3 फीसदी बढ़ा है, शुरूआती आकलन सामने आया है। बीजेपी के पास 41 फीसदी थे। कहा जा रहा है कि ये 37 तक पहुंच गया है। बूथ रिटर्न सर्वे में यह आंकड़ा 2 से 3 फीसदी बढ़ने का दावा किया गया था। वहीं, कांग्रेस का वोट करीब 6 फीसदी था। बताया जा रहा है कि इसमें 1 फीसदी की कमी आई है। सिर्फ सीपीएम का वोट पिछली बार 5 फीसदी से थोड़ा ज्यादा था। गठबंधन को उम्मीद थी कि इस बार दोनों पार्टियों को 15 फीसदी वोट मिलेंगे। इसके विपरीत इसमें कमी आयी है। जिसका मुनाफा सीधे तृणमूल को पहुंचा। हालांकि, अगर वोटों की गिनती के नतीजे पूरी तरह सामने आते हैं तो राजनीतिक हलकों को लगता है कि प्रतिशत के मामले में कुछ हेराफेरी होगी। लेकिन आपसी वोट ट्रांसफर? कोलकाता उत्तर से वाम समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप भट्टाचार्य को 87,000 से कुछ अधिक वोट मिले। इस केंद्र में उनका वोट 3 फीसदी के करीब था। इस बार उन्हें 2 फीसदी वोट मिले। सीपीएम का वोट 7.5 फीसदी था। हालांकि, सीपीएम के जिला सचिव कल्लोल मजूमदार ने दावा किया कि गठबंधन उम्मीदवार को उनके कुल 10 फीसदी वोट मिले। लेकिन प्रदीप बाबू इससे संतुष्ट नहीं हैं। उनके शब्दों में, "हमें अभियान में जो प्रतिक्रिया मिली, वैसा परिणाम हमें चुनाव में देखने को नहीं मिला।" मैं संयुक्त नेतृत्व चर्चा में बैठूंगा।

**चुनाव** | **चुनाव के नतीजे आने के बाद समग्र राज्य में अशांति**

# तृणमूल ने बीजेपी पर हमला करने का आरोप लगाया



संवाददाता

**कोलकाता।** इस बार के लोकसभा चुनाव में कोई बड़ी गड़बड़ी नहीं हुई। यह बात खुद मुख्य चुनाव आयुक्त ने सातवें दौर के मतदान के बाद कही। हालांकि, चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद उन्हें अशांति की आशंका थी। इसलिए राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती की अवधि भी बढ़ा दी गई। वह डर सच हो गया! मंगलवार रात से ही विपक्षी खेमे ने दावा किया है कि बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में उन पर हमले हुए हैं। लगभग हर मामले में, यह तृणमूल पर है। हालांकि, सत्तारूढ़ खेमे ने आरोपों से इनकार किया है।

जादवपुर लोकसभा क्षेत्र के नरेंद्रपुर से अशांति की खबर मिली। बीजेपी प्रत्याशी के पोलिंग एजेंट के साथ मारपीट और घर में तोड़फोड़ का आरोप लगा है। इसके अलावा बेहाला के रवीन्द्रनगर में बीजेपी नेता की दुकान पर हिंसा की शिकायत है। काठगढ़ में शासक शिविर। हालांकि, तृणमूल ने आरोपों से इनकार किया है।

केबल कोलकाता ही नहीं। जिले की बिभिन्न प्रान्त से अशांति की खबरें आ रही हैं। बराकपुर में अर्जुन सिंह को हराकर तृणमूल ने जीत हासिल की। पार्थ भौमिक भारी मतों से जीते। मंगलवार को बराकपुर नगर पालिका के वार्ड संख्या 24 में पार्टी कार्यकताओं-समर्थकों ने विजय जुलूस निकाला। कथित तौर पर उस रैली में बीजेपी कार्यकर्ता बाबू नाग के घर में तोड़फोड़ की गई थी। यह भी आरोप है कि उनके घर पर कांच की बोतलें और ईंटें फेंकी गईं। इस घटना से पूरा परिवार दहशत में है। बराकपुर के अलावा मध्यमग्राम में भी यही शिकायत की गयी है। आरोप है कि नेताजीपल्ली में कई बीजेपी समर्थकों के घरों में तोड़फोड़ की गई। पीड़ितों ने दावा किया कि बदमाशों ने उनके घरों पर लोहे की छड़ों, बांसों और बंदूकों लेकर हमला किया। आरोप यह भी है कि बीजेपी के पार्टी दफ्तर में भी तोड़फोड़ की गई। यह भी दावा किया गया है कि कई लोगों की पिटाई भी की गई। उपद्रव की खबर मिलते ही केंद्रीय बलों के साथ दत्तपुकुर थाने की पुलिस मौके पर गयी। इस घटना में अब तक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा दुगार्पुर के महुआ बागान में सीपीएम के पोलिंग एजेंट की बहन की दुकान में भी आग लगा दी गई। इसके अलावा मैना और बांकुड़ा के पत्रसाइर में भी बीजेपी कार्यकताओं-समर्थकों की पिटाई का आरोप लगाया गया है। सिर्फ दक्षिण बंगाल ही नहीं। उत्तर बंगाल में भी उथल-पुथल चल रही है। कूचबिहार में बीजेपी सीटें बरकरार नहीं रख सकी। तृणमूल के पयुर्दस्त निशिथ प्रामाणिक।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एसएनयू में पौधारोपण



संवाददाता

**कोलकाता।** विश्व पर्यावरण दिवस है। पर्यावरण की रक्षा में पेड़ों का योगदान बहुत बड़ा है। लेकिन लोग अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए खुलेआम पेड़ों को काट रहे हैं। आज ग्लोबल वार्मिंग की भयावहता के सामने मानव सभ्यता का अस्तित्व संकट में है। विश्व पर्यावरण दिवस पर एसएनयू परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दिन हरियाली की रक्षा के लिए छात्रों से लेकर सभी श्रमिकों ने इस अभियान में भाग लिया। एसएनयू के कुलपति प्रोफेसर ध्रुवज्योति चट्टोपाध्याय ने कहा, 'विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की रक्षा करना हर किसी की जिम्मेदारी है। सभी को पौधे लगाकर यह जिम्मेदारी निभानी होगी।

## एक नजर

### स्वामी यतींद्रानंद ने किया सड़क का लोकार्पण



**हरिद्वार।** रुड़की में महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने मुख्यमंत्री की घोषणा से बनी एक सड़क का बुधवार को लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र में एक बार फिर से एनडीए सरकार बनने की बात कहते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। रुड़की में सुनहरा स्थित चौक पर आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाली सड़कों की घोषणा की थी। जिसमें यह सड़क भी शामिल थी, जिसका निर्माण ईदगाह चौक से सुनहरा चौक तक किया गया है। इस सड़क के बनने के बाद कई गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब मांग की जाएगी कि इस सड़क को हाइवे से जोड़ा जाए।

### कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किया पौधरोपण



**देहरादून।** कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को अपने सरकारी आवास पर पौधरोपण किया। इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभाव के चलते पर्यावरण के संरक्षण एवं सुरक्षा की आवश्यकता है। आज यह भी आवश्यक हो गया है कि पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने, ग्लोबल वार्मिंग और अधिक जनसंख्या जैसे मुद्दों पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में मानवजनित आगजनी की घटनाओं पर रोक लगाने के साथ-साथ अधिक से अधिक पौधरोपण करने की जरूरत है। कृषि मंत्री ने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक पौधरोपण की अपील की। इस दौरान वे एक पौधा आंवला और एक पौधा आम का भी लगाएं।

### महिला समेत दो लोगों ने की खुदकुशी

**शिमला।** शिमला जिला के ऊपरी क्षेत्रों नेरवा और ननखड़ी में खुदकुशी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पहले मामले में 31 वर्षीय युवक ने फंदा लगाया तो दूसरे मामले में 52 वर्षीय महिला ने जहर खाकर जान दी। दोनो मामलों में पुलिस को सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस द्वारा शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। फिलहाल दोनो मामलों में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस के अनुसार चौपाल उपमंडल के नेरवा में 31 वर्षीय युवक धनंजय मेहतो का शव जंगल में पेड़ पर लटका पाया गया।

### रेल कर्मी ने पत्नी और दो मासूम बेटियों के साथ ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में बुधवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना घटी है। यहां एक रेलवे कर्मचारी ने परिवार समेत ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतकों में पत्नी, छह साल और तीन माह की बेटी भी शामिल है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी अनुसार नरेंद्र चढ़ार (32) रेलवे में ग्रुप - डी कर्मचारी (चाबीदार) थे। बुधवार सुबह नरेन्द्र ने पत्नी रीना चढ़ार (26) और बेटी सानवी (6) और मानवी (3 महीने) के साथ ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

### रेत की अवैध खदान धंसने से महिला की मौत

**जबलपुर।** जबलपुर में रेत की अवैध खदान धंसने से महिला समेत तीन की मौत हो गई। घटना गोसलपुर थाना इलाके के कटरा रमखीरिया गांव की है। बुधवार सुबह 11 बजे सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। खदान में कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है। जानकारी अनुसार गोसलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कटरा रामखारिया रेत खदान में रेत उत्खनन करते हुए कुछ लोग दब गए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से अभी तीन लोगों को निकाला गया और एम्बुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए सिहोरा सिविल अस्पताल भेजा गया है।

### घटना के आरोपी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद।** थाना लोनी पुलिस ने बुधवार को मुठभेड़ के दो गौकशी के वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से दोनों बदमाश घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों के कब्जे से दो तमंचे व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि लोनी पुलिस अंडरपास के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो युवक एक मोटरसाइकिल पर आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो यह लोग रुके नहीं बल्कि मोटरसाइकिल पीछे मुड़कर भागने लगे।

## प्रयागराज मण्डल में मनाया गया पर्यावरण दिवस

# पौधरोपण से आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण : हिमांशु

- जंक्शन तक पर्यावरण जागरूकता के लिए प्रभात फेरी निकाली गई
- कर्मचारियों और बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली

**प्रयागराज। एजेंसी**



पर्यावरण संरक्षण के लिए रेलवे परिसरों में निरंतर पौधरोपण कर कार्बन उत्सर्जन को लगातार कम किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी के प्रयास से ही आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा। उक्त विचार मण्डल रेल प्रबन्धक हिमांशु बडोनी ने प्रयागराज मण्डल कार्यालय और प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर पर्यावरण दिवस के दिन पौधरोपण करते हुए व्यक्त किया। मण्डल रेल प्रबन्धक के नेतृत्व में अधिकारियों, कर्मचारियों और भारत स्काउट-गाइड के सदस्यों ने मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय से प्रयागराज जंक्शन तक पर्यावरण जागरूकता के लिए प्रभात फेरी निकाली गई और प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म 1 पर भारत स्काउट-गाइड के सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। तत्पश्चात् मण्डल रेल प्रबन्धक के साथ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ ली।

जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज टूंडला, अलीगढ़, फतेहपुर, मिजार्पुर स्टेशनों पर पौधरोपण के साथ कर्मचारियों और बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबन्धक सामान्य संजय सिंह, वरिष्ठ मण्डल पर्यावरण एवं हाउस कीपिंग प्रबन्धक आलोक केसरवानी, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय सीताराम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी और भारत स्काउट-गाइड के सदस्य उपस्थित थे।

## हिमाचल में फिजूलखर्ची को बढ़ावा दे रही सुक्खू सरकार : भाजपा

**शिमला। एजेंसी**



भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर फिजूलखर्ची को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। भाजपा का कहने है कि विधानसभा की तीन सीटों पर होने वाले उपचुनाव में हिमाचल के खजाने पर 35 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा और इसके लिए सीएम सुक्खू जिम्मेवार हैं। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर से विधायक राकेश जम्वाल ने बुधवार को कहा कि जब से सूबे में कांग्रेस की सरकार बनी है, लगातार प्रदेश के खजाने पर फिजूल का बोझ डाल रही है जिसके कारण प्रदेश का धन बर्बाद हो रहा है और विकास बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि तीन आजाद विधायकों ने अपने पद से 22 मार्च, 2024 को इस्तीफा दिया और माननीय विधान सभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि वे इस्तीफे को मंजूर करें। 22 मार्च से लेकर 3 जून तक यह त्याग पत्र मंजूर नहीं किए गए और 2 जून को लोकसभा व विधान सभा के उपचुनाव सम्पन्न हुए और 3 जून को तीन विधायकों के इस्तीफे मंजूर कर लिए गए।

काश यह इस्तीफे 30 अप्रैल से पूर्व स्वीकार कर लिए जाते तो यह तीनों उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ सम्पन्न हो जाते परन्तु कांग्रेस की सुखविन्द्र सरकार ने केवल अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए इन त्यागपत्रों को लटकाकर रखा। अब विचारणयी प्रश्न यह है कि यह तीन इस्तीफे स्वीकार हो गए और 6 माह के भीतर-भीतर यह 3 उपचुनाव होंगे और प्रत्येक चुनाव में कम से कम 10-12 करोड़ रू0 सरकारी खर्चा आएगा।

## बसपा अब काफी सोच समझकर मुस्लिम समाज को देगी मौका: मायावती

- चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद भी बसपा को ठीक से नहीं पा रहा है

**लखनऊ। एजेंसी**



लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने कहा कि उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद मुस्लिम समाज बसपा को ठीक ढंग से समझ नहीं पाया। ऐसी स्थिति में अब काफी सोच समझकर आगामी चुनाव में मुस्लिम समाज को मौका दिया जाएगा ताकि भविष्य में पार्टी को इस बार की तरह भयंकर नुकसान न हो। मायावती ने सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक पत्र में लिखा है कि इस बार पार्टी अपने दम पर चुनाव मैदान में उतरी थी। उम्मीद यह थी कि ईमानदार कार्यकर्ता और पार्टी से जुड़े लोगों के बलबूते बेहतर परिणाम आएंगे। उनकी जाति के अधिकांश लोगों ने अपना वोट बसपा को दिया, जिसके लिए वे आभारी हैं।

साथ ही पार्टी के खास अंग मुस्लिम समाज, जो पिछले चुनाव में व इस बार भी लोकसभा चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद भी बसपा को ठीक से नहीं पा रहा है। अब ऐसी स्थिति में आगे इनको काफी सोच समझकर चुनाव में मौका दिया जाएगा ताकि भविष्य में पार्टी को इस बार की तरह भयंकर नुकसान न हो। मायावती ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव लगभग पूरे समय खासकर जोरदार गर्मी की तपिश से जनजीवन अस्तव्यस्त होने के कारण काफी प्रभावित रहा। विशेषकर गरीब तबकों व मेहनतकश लोगों के चुनावी उत्साह में भी काफी कुछ फर्क पड़ने के कारण उम्मीद के विपरीत, वोट प्रतिशत भी काफी प्रभावित हुआ है।

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी चुनाव आयोग से शुरू से ही यह मांग करती आ रही है कि चुनाव बहुत लम्बा नहीं खिंचना चाहिए बल्कि आम लोगों के हितों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में लगने वाले लाखों सरकारी कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों आदि के व्यापक हित व सुरक्षा आदि को ध्यान में रखक यह चुनाव अधिक से अधिक तीन या चार चरणों में ही कराया जाना चाहिए।

## जनता की शक्ति से बड़ा न किसी का बल, न किसी का छल : अखिलेश

**लखनऊ। एजेंसी**



देश में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) की बड़ी जीत के बाद उत्साहित अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं का धन्यवाद किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि मतदाताओं आपने साबित कर दिया है कि जनता की शक्ति से बड़ा न किसी का बल होता है, न किसी का छल। इस बार जनता ही जीती है, शासक नहीं। आपने हममें जो विश्वास प्रकट किया है, हम उस भरोसे को पूरे दायित्व के साथ कायम रखेंगे और निभाएँगे भी, इसके लिए हार्दिक धन्यवाद, दिल से शुक्रिया और आने वाले नये सकारात्मक समय के लिए अनंत शुभकामनाएं है।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यह उस दलित बहुजन भरोसे की भी जीत है, जिसने अपने पिछड़े, अल्पसंख्यक, आदिवासी, आधी आबादी और अगड़ों में पिछड़े सभी उपेक्षित, शोषित, उत्पीड़ित समाज के साथ मिलकर उस संविधान को बचाने के लिए कंधे-से-कंधा मिलाकर संघर्ष किया है जो समता-समानता, सम्मान-स्वाभिमान, गरिमामय जीवन व आरक्षण का अधिकार देता है। ये पीडीए के रूप में पिछड़े-दलित-अल्पसंख्यक-आदिवासी, आधी आबादी और अगड़ों में पिछड़े के उस मजबूत गठजोड़ की जीत है, जिसे हर समाज और वर्ग के अच्छे लोग अपने सहयोग व योगदान से और भी मजबूत बनाते हैं। अखिलेश ने कहा कि ये नारी के मान और महिला सुरक्षा के भाव की जीत है।

### नेपाल के प्रधानमंत्री ने मोदी को लोस चुनाव में सफलता के लिए बधाई दी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के लिए बधाई दी है। प्रचण्ड ने एक्स हैंडल पर संदेश में "तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेन्द्र मोदी को बधाई है।" उन्होंने भाजपा और एनडीए की सफलता पर विश्व के सबसे बडे लोकतांत्रिक अभ्यास में भारतीय जनता की उत्साहजनक सहभागिता को लेकर भी बधाई दी है। प्रचण्ड के बधाई संदेश पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि आने वाले दिन में नेपाल-भारत के संबंधों को और आगे ले जाने के लिए वो हमेशा ही सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। नेपाली कांग्रस के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा, नेकपा एमाले के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, एकीकृत समाजवादी के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल, नेपाल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. बाबूराम भट्टराई ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी है।

### एक लाख का इनामी अपराधी मुठभेड़ में ढेर

**जौनपुर।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार की देर रात खुटहन थाना अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का इनामी अपराधी से सामना हो गया। बदमाशों की गोलीबारी का जवाब देते हुए मुठभेड़ में एक लाख इनामी अपराधी ढेर हो गया। इस दौरान उसका एक साथी फरार हो गया। पुलिस की टीमें फरार साथी की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा ने बताया कि बीती रात थाना खेतासरा थाना अंतर्गत सूचना के आधार पर पुलिस की टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को चेकिंग के लिए रोकने के लिए इशारा किया गया। जिस पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही करते हुए मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने आसपास के थानों की पुलिस को बुलाया। इस दौरान मुठभेड़ में एक बदमाश के गोली जा लगी और वह घायल होकर गिर गया। इस बीच मौका पाकर उसका साथी भाग निकला। पुलिस टीम ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ मारा गया बदमाश एक लाख का इनामी प्रशांत सिंह पुत्र तेज नारायण सिंह निवासी ईश्वरी नेवादा थाना सरायख्वाजा है।

## पर्यावरण असंतुलन के कारण ही धरती बन रही आग का गोला : ग्रीनमैन विजयपाल

**हरिद्वार। एजेंसी**



ट्री ट्रस्ट ऑफ इंडिया के संस्थापक अध्यक्ष ग्रीनमैन विजयपाल बघेल ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय वृक्ष न्यास द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति आम जनमानस को सजग करने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। उसी कड़ी में बढ़ते मृदा एवं वायु प्रदूषण से जलवायु परिवर्तन की गंभीर वैश्विक समस्या से पूरे जीवमंडल के जीवन पर छा रहे संकट के बादलों से निजात पाने के लिए मिशन सवा सौ करोड़ संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत हर भारतीय से कम से कम एक पेड़ रोपित कराकर उसकी सांस का इंतजाम किया जा रहा है।

ग्रीनमैन विजयपाल बघेल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को आयोजित एक समारोह में कहा कि पूरी दुनिया इस वर्ष पर्यावरण दिवस को मृदा संरक्षण पर विशेष ध्यान आकर्षित करने वाली थीम पर काम कर रही है। बढ़ते रेगिस्तान की चिंता विश्वव्यापी बनती जा रही है, जिसे सघन वृक्षारोपण के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण ही धरती आग का गोला बनती जा रही है जिसे ठंडा करने के लिए अधिकाधिक पौधरोपण कार्य किया जाना जरूरी है। ग्रीन मैन विजयपाल ने कहा कि वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की विश्वव्यापी समस्या गंभीर होती जा रही है, जिसे विश्व पटल पर बड़ी गंभीरता से लिया जा रहा है। अरावली पर्वतमाला के बाद अब हिमालय को तहस नहस किया जा रहा है, प्राकृतिक संसाधनों के रूप में मिले जल, जंगल और जमीन तीनों पर बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप से ही पर्यावरणीय असंतुलन एक घातक समस्या सिद्ध हो रहा है। उन्होंने इस चुनौती को अत्यंत गंभीर और वैश्विक बताते हुए कहा कि पेड़ के महत्व को तो भारतीय संस्कृति में पूजनीय माना है, जो प्राकृतिक संरचना का मूल आधार है। वनीकरण के माध्यम से ही मृदा संरक्षण होता है और बढ़ते रेगिस्तान पर भी अंकुश लगाया जा सकता है।

## अब गुड़गांव मेरी राजनीतिक कर्मभूमि होगी: राज बब्बर

**गुरुग्राम। एजेंसी**



गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र से चुनाव हारने के बाद इंडी गठबंधन के उम्मीदवार राज बब्बर ने कहा कि उनके लिए आज का दिन नई शुरूआत करने का है। गुड़गांव की जनता के वे आभारी हैं कि उनके पूर्वजों की धरती ने उन्हें अपनाया है। मैं जहां पैदा हुआ हूं, वहां भी इतनी तादाद में लोगों ने नहीं अपनाया, जितना गुड़गांव के लोगों ने अपनाया है। राजबब्बर बुधवार को यहां सेक्टर-15 पार्ट-1 में स्थित अपने चुनाव कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। राज बब्बर ने कहा कि गुड़गांव में वे यहां हार-जीत के लिए नहीं, जनता का दिल जीतने के लिए आए थे। उसमें वे कामयाब रहे हैं। मुंबई में उनका एक छोटा सा परिवार है और गुड़गांव में उनके 7 लाख 33 हजार परिवार बने हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में प्रचार के मात्र 18 दिन ही सही से काम कर पाया। 3 मई को उन्होंने नामांकन किया था। उसके बाद 5 से चुनाव प्रचार में शुरू किया और 23 मई तक 18 दिन खूब मेहनत की। रोजाना 50 हजार लोगों तक पहुंचे और उन्हें अपना बनाया। उन्होंने कहा कि लोगों ने ही अहसास करा दिया कि मैं बाहरी नहीं हूं। बहुत से लोगों तक पहुंच भी नहीं पाए। राजबब्बर ने कहा कि गुडगांव को उन्हें वचन दिया था कि वे चुनाव लड़ने नहीं आए। जीतने-हारने नहीं आए, दिलों में बसने आए हैं। वह काम किया है। अब वे गुडगांव की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहेंगे। जिन्हें जनता ने प्रतिनिधि चुना है, उसने बात करके समाधान कराएंगे।

# पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की जरूरत: गुरमीत

**नैनीताल। एजेंसी**

- प्रकृति के अनमोल खजाने से परिपूर्ण देवभूमि उत्तराखंड की जैव विविधता विशिष्ट है, पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान दे रही है



राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने पक्षी विशेषज्ञों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार की सुबह नैनीताल राजभवन एवं राजभवन के गोल्फ कोर्स परिसर में बर्ड वॉचिंग की और यहां पक्षियों को देखा। इस दौरान उन्होंने कठफोड़वा, सामान्य भुजंगा, तीतर, पहाड़ी बुलबुल, सलेटी-सिर की पतफुदकी, सफेदकंठ चिलचिल आदि प्रजातियों के पक्षियों को देखा। पक्षी विशेषज्ञों ने पक्षियों की इन प्रजातियों की विशेषता आदि के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी।

जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर उत्तराखंड में विभिन्न प्रकार की पक्षियों की प्रजातियां पायी जाती हैं। नैनीताल राजभवन एवं गोल्फ कोर्स परिसर में भी पक्षियों की अनेक प्रजातियां देखने को मिलती हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों को देखकर एक अलग ही आनंद की अनुभूति हुई है। इस दौरान पक्षियों की अलग-अलग चहचहाहट मन को प्रफुल्लित और आकर्षित करने वाली रही। राज्यपाल ने कहा कि अन्य स्थानों पर जहां पक्षियों का दीदार मौसम पर निर्भर रहता है, लेकिन इस परिसर में वर्ष भर पक्षियों का बसेरा रहता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के अनमोल खजाने से परिपूर्ण देवभूमि उत्तराखंड की जैव विविधता विशिष्ट है, जो पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान दे रही है। हमें इस जैव विविधता को बचाए रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना चाहिए। इस दौरान नैनीताल के प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी, वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद चंद तिवारी, संतोष गिरी, पक्षी विशेषज्ञ मनीष कुमार, वीरेंद्र रावत, प्रवीण रावत व योगेश आदि मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर उदय भारत सिविल सोसायटी के पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण

**हरिद्वार। एजेंसी**



विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को उदय भारत सिविल सोसायटी के पदाधिकारियों ने प्रेम नगर आश्रम नहर पुलिया पटरी में पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया। इस मौके पर उदय भारत सिविल सोसाइटी के पदाधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। आज ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में ना सिर्फ भारत बल्कि विश्व का हर देश है। ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए पर्यावरण को संरक्षित करना अति आवश्यक है। इसका एकमात्र जरिया वृक्षारोपण है। आज उत्तराखंड जैसे हरियाली प्रदेश में भी तापमान का बढ़ना चिंताजनक है। हमारे जीवन में वृक्षों का बहुत महत्व है। उत्तराखंड के 40 फिसदी जंगल जल के राख हो गए हैं। राज्य में उच्च कार्बन सामग्री ने इस प्राचीन पहाड़ी राज्य को गैस चौंबर बना दिया है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाला समय बेहद ही खतरनाक होगा। सरकार के साथ-साथ सभी नागरिकों को आज अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने की आवश्यकता है।

## एक नजर

### बारिश के कारण इंग्लैंड-स्कॉटलैंड मैच रद्द



**ब्रिजटाउन।** इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में टी20 विश्व कप 2024 का छठा मैच मंगलवार देर रात बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। स्कॉटलैंड ने टॉस जीतकर गत विजेता इंग्लैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जॉर्ज मुन्से (31 गेंदों पर 41* रन, 4 चौके और 2 छक्के) और माइकल जोन्स (30 गेंदों पर 45* रन, 4 चौके और 2 छक्के) ने स्कॉटिश टीम के लिए ओपनिंग की और शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 रनों की साझेदारी निभाई। सातवें ओवर की दूसरी गेंद के बाद बारिश के कारण मैच रोक दिया गया था, लेकिन बारिश रुकते ही खेल फिर से शुरू हो गया और इसे 10-10 ओवर का कर दिया गया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मैच पर नियंत्रण बनाए रखा और इंग्लिश गेंदबाजों के खिलाफ जमकर रन बनाए, जिससे 10 ओवर की समाप्ति के बाद स्कॉटलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 90 हो गया। हालांकि, पारी के ब्रेक के दौरान बारिश ने फिर से मैच को बाधित कर दिया और अधिकारियों को मैच रद्द करना पड़ा। यह चल रहे टी20 विश्व कप 2024 का पहला मैच था जो बारिश की भेंट चढ़ गया। फिलहाल, इंग्लैंड एक अंक के साथ ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है। वहीं, स्कॉटलैंड एक अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

### एमएलसी सीजन 2 के लिए टेक्सास सुपर किंग्स ने मार्कस स्टोइनिस के साथ किया करार



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में धमाकेदार शतक लगाकर सुपर किंग्स के प्रशंसकों को शांत करने के एक महीने बाद, मार्कस स्टोइनिस उसी फ्रेंचाइजी के लिए पीले रंग की जर्सी पहनने के लिए तैयार हैं, हालांकि इस बार उनके अमेरिकी अवतार में। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सीजन के लिए टेक्सास सुपर किंग्स में आरोन हार्डी, डेरिल मिशेल, दक्षिण अफ्रीकी टी 20 कप्तान एडेन मार्करम और नवीन उल हक के साथ शामिल होंगे। अगस्त में 35 साल के होने वाले स्टोइनिस कैरिबियन में ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप टीम का हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें 2024 सीजन के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से केंद्रीय अनुबंध नहीं मिला है। उनका आईपीएल सीजन 2024 शानदार रहा था, जहां उन्होंने 12 पारियों में 150 की शानदार स्ट्राइक रेट से करीब 400 रन बनाए। पैट कमिंस, ग्लेन मैक्सवेल और ट्रैविस हेड सहित कई ऑस्ट्रेलियाई स्टार खिलाड़ी इस साल एमएलसी में खेलने के लिए तैयार हैं। वहीं, इस साल की द हंड्रेड प्रतियोगिता में केवल चार ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ही एक्शन का हिस्सा होंगे।

### प्रज्ञानानंद राउंड-8 में कार्लसन से हारे, वैशाली जीती



**स्टावेंजर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानानंद मंगलवार को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें राउंड में आमार्गेडन गेम में विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन से हार गए। इस जीत से कार्लसन ने 14.5 अंकों के साथ अपनी बढ़त को पूरे एक अंक तक बढ़ाया, जबकि हिकारू नाकामुरा 13.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, वहीं, प्रज्ञानानंद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। हिकारू नाकामुरा ने क्लासिल शतरंज में फिरौजा को हराया। इस बीच, विश्व चैंपियन डिंग लिरेन ने दो जीत के स्थान गंवा दिया और अंततः आर्मगेडन टाईब्रेकर में फैबियानो कारुआना से हार गए। महिलाओं के इवेंट में, विश्व चैंपियन जू वेनजुन ने पिया क्रैमलिंग के खिलाफ क्लासिकल गेम जीतकर स्टैंडिंग में बढ़त हासिल की। इस बीच, लेई टिंगजी ने जीएम कोनेरू हम्पी को हराकर अपनी पहली क्लासिकल जीत हासिल की। पिछली लीडर अन्ना मुजीचुक वैशाली रमेशबाबू से आर्मगेडन में हार गईं। दो राउंड शेष रहते, वेनजुंग 14.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, उनके बाद मुजिचुक 13 अंकों के साथ दूसरे और वैशाली 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**पेरिस। एजेंसी**

विश्व की तीसरे नंबर की टेनिस खिलाड़ी अमेरिका की कोको गॉफ ने दूसरी बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गॉफ ने मंगलवार को खेले गए महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ट्यूनीशियाई खिलाड़ी ओन्स जाबेउर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन और पूर्व रोलांड गैरोस उपविजेता गॉफ ने कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर 4-6, 6-2, 6-3 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में उनका सामना टूर्नामेंट की पसंदीदा इगा स्विएटेक या माकेर्टा वोंद्रोसोवा से होगा। यह अमेरिकी स्टार गॉफ का लगातार तीसरा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल होगा, इससे पहले उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी अंतिम चार में जगह बनाई थी। ट्यूनीशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जाबेउर अभी भी अपने पहले मेजर खिताब का इंतजार कर रही हैं, उन्होंने तीन फाइनल और चार क्वार्टर फाइनल गंवाए हैं।



## अल्कराज सेमीफाइनल में सिनर से होगा सामना

**पेरिस। एजेंसी**

कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को नौवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास को 6-3, 7-6 (3), 6-4 से हराकर फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना विश्व के नंबर एक जननिक सिनर से होगा। तीसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी, जो सितसिपास पर 5-0 के रिकॉर्ड के साथ प्रतियोगिता में आए थे, ने बैकहैंड पर बेहतरीन किक सर्व के साथ पहला सेट 33 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट में 4-2 से पिछड़ने के बाद सितसिपास ने एक जोरदार फोरहैंड मारकर दर्शकों को प्रभावित किया और आखिरकार उन्होंने टाइब्रेक में सेट जीतकर बराबरी कर ली। निराश सितसिपास ने तीसरे सेट में बार-बार अल्काराज की देरी से की गई ग्रन्ट्स के बारे में शिकायत की और तीसरे सेट में लगभग ओवरहेड स्मैश से उन्हें घायल कर दिया, लेकिन अंत में उनके स्पेनिश प्रतिद्वंद्वी ने मैच जीतकर रोलांड गैरोस के दूसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



# फ्रेंच ओपन 2024 : घुटने की चोट के कारण बाहर हुए नोवाक जोकोविच



● सर्बियाई खिलाड़ी की रिकॉर्ड 25वीं ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीतने की चाहत खत्म हो गई

**पेरिस। एजेंसी**

गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो पर मैराथन चौथे दौर की जीत के दौरान लगी घुटने की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से पहले फ्रेंच ओपन 2024 से नाम वापस ले लिया। आयोजकों ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। टूर्नामेंट से हटने से सर्बियाई खिलाड़ी की रिकॉर्ड 25वीं ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीतने की चाहत खत्म हो गई और इसके परिणामस्वरूप इस महीने के अंत में वह विश्व की नंबर एक रैंकिंग भी गंवा देंगे और इतालवी जननिक सिनर शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। आयोजकों ने एक आधिकारिक बयान में कहा दाएं घुटने में फटे हुए औसत दर्जे के मेनिस्कस (एमआरआई स्कैन के दौरान पता चला) के कारण, जोकोविच, जिन्हें क्वार्टर फाइनल में कैस्पर रूड से खेलना था, को रोलांड गैरोस टूर्नामेंट से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसके साथ ही पिछले साल के उपविजेता रूड सेमीफाइनल में पहुंच गए।

# इंग्लैंड टेस्ट के लिए जेडन सील्स, होल्डर की वेस्टइंडीज टीम में वापसी, लुइस नये चेहरे

**एंटीगुआ। एजेंसी**

वेस्टइंडीज ने जुलाई में इंग्लैंड के आगामी तीन टेस्ट मैचों के दौरे के लिए अनकैप्ड ओपनिंग बल्लेबाज मिकील लुइस को टीम में शामिल किया है। 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी क्रेग ब्रैथवेट करेंगे और उनके डिप्टी अल्जारी जोसेफ होंगे। टीम में जेडन सील्स भी शामिल हैं, जो चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज से बाहर हो गए थे। जेसन होल्डर भी टीम में शामिल हैं, जिन्होंने पिछले दौरे के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया था। 23 वर्षीय लुईस, जो पहले अंडर-19 टीम के लिए खेल चुके हैं, को उनके प्रथम श्रेणी सत्र में मजबूत प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है,



जिसमें उन्होंने लीवार्ड आइलैंड हरिकेंस के लिए 48.71 की औसत से 682 रन बनाए थे। सीडब्ल्यूआई के मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने एक आधिकारिक बयान में कहा टीम को अनुभव और उभरती प्रतिभा दोनों के साथ तैयार किया गया है, जिससे अंग्रेजी परिस्थितियों में खेलने की चुनौती का सामना करने के लिए एक मजबूत संतुलन सुनिश्चित होता है।

पिछले एक साल में, हमारा रेड-बॉल कार्यक्रम लगातार विकसित हो रहा है। जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट में हमारी जीत के बाद, यह स्पष्ट है कि हम उस निवेश का फल देख रहे हैं। चुने गए प्रत्येक खिलाड़ी ने लगातार प्रदर्शन और कड़ी मेहनत के माध्यम से अपनी जगह बनाई है। हमें विश्वास है कि अनुभवी खिलाड़ियों और उभरते चेहरों का यह मिश्रण इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करेगा।

रिचर्ड्स-बॉथम ट्रॉफी 10 जुलाई को लॉर्ड्स में शुरू होगी। वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार है: क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), एलिक अथानाजे, जोशुआ दा सिल्वा, जेसन होल्डर, कावेम हॉज, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, जाचरी मैकास्की, किर्क मैकेंजी, गुडाकेश मोती, केमर रोच, जेडन सील्स, केविन सिंक्लेयर।

## दीपिका का लक्ष्य विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन रहेगा



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी 14 जून से तुर्की के अंताल्या में होने वाले विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन रहेगा। दीपिका इस अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों को बेहतर करने के लिए विदेश में ट्रेनिंग कर रही हैं। पिछले माह शंघाई में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद से ही दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में फिर से शामिल कर लिया गया था। विश्व क्वालीफाइंग में बेहतर प्रदर्शन कर दीपिका और अन्य भारतीय तीरंदाज पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का भी प्रयास करेंगे। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और आने-जाने का खर्च उठायेगा। वहीं मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने तीरंदाजी पुरूष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिये भी वित्तीय सहायता को मंजूर कर लिया है।

इसके अलावा प्रवीण जाधव को तीरंदाजी उपकरण खरीदने और निशानेबाज रेइजा ढिल्लों को भारत में 11 दिन तथा इटली में एक सप्ताह अभ्यास की भी अनुमति दे दी गयी है। ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के लिए विजन एंड आई ट्रेनिंग कोच की भी व्यवस्था की जाएगी। एथलीट एल्डोस पॉल और किशोर कुमार जेना और बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय को भी सभी प्रकार की सहायता दी जाएगी।

# चेन्नईयिन एफसी ने ब्राजीलियाई डिफेंडर एल्सिन्हो के साथ किया दो साल का करार

**चेन्नई। एजेंसी**

चेन्नईयिन एफसी ने अनुभवी ब्राजीलियाई डिफेंडर एलसन जोस डायस जूनियर, जिन्हें एल्सिन्हो के नाम से जाना जाता है, के साथ दो साल का करार किया है, जिसके तहत वह 2026 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। अपने अनुभव और सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, 33 वर्षीय एल्सिन्हो चेन्नईयिन की रक्षा को और मजबूत करने के लिए रयान एडवर्ड्स के साथ जुड़ गए हैं। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कोयल ने एक आधिकारिक बयान में कहा, एल्सिन्हो एक बहुमुखी, मजबूत और तकनीकी फुटबॉलर है जो सेंट्रल मिडफील्ड और सेंटर बैक में फिट हो सकते हैं। वह हमें पीछे से विकल्प देते हैं और साथ ही विपक्षी बॉक्स में गोल करने का खतरा भी पैदा करते हैं।



ब्राजीलियाई हमारे विदेशी दल में एक बेहतरीन खिलाड़ी होगा। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अनुकूलनशीलता के लिए जाने जाने वाले एल्सिन्हो ने डिफेंस के साथ-साथ मिडफील्ड में भी योगदान देने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है, जिससे क्लब को सामरिक लचीलापन मिला है। वह पिछले सीजन में जमशेदपुर एफसी सेट-अप का हिस्सा थे और उनके लिए 25 मैच खेले।

चेन्नई फ्रेंचाइजी से जुड़ने पर एल्सिन्हो ने कहा कोच मुझसे बात करने आए और मेरे काम में रुचि दिखाई, मैं एक ऐसी चैंपियनशिप करने में सक्षम होने से बहुत खुश था जिसने ध्यान आकर्षित किया, और मैं इससे बहुत खुश था, यह मेरे लिए चेन्नईयिन आने का एक मजबूत बिंदु बन गया। एल्सिन्हो ने 2014 में क्लब एस्पोर्टिवो नेविरायेंस के साथ अपने पेशेवर सफर की शुरूआत की। उन्होंने अपने करियर में अब तक 214 मैच खेले हैं, जिसमें 15 गोल और दो असिस्ट शामिल हैं। एल्सिन्हो ने अपने करियर का ज्यादातर हिस्सा मैक्सिकन क्लब एफसी जुआरेज में बिताया, जहाँ उन्होंने 2017 से 2019 तक 136 मैच खेले।

### हम अपनी कमजोरियों पर काम कर रहे हैं और एक टीम के रूप में एकजुट हैं : नवनीत

**लंदन। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में चुनौतीपूर्ण यूरोपीय चरण का सामना किया है, जिसमें बेल्जियम और इंग्लैंड जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ छह मैच खेले हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, टीम ने लचीलापन और प्रगति दिखाई है, जिसका लक्ष्य अपने आगामी मैचों में इन अनुभवों का लाभ उठाना है। अब तक के सफर पर विचार करते हुए, उप कप्तान नवनीत कौर ने जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ बचे हुए मैचों के लिए अपनी अंतर्दृष्टि और टीम की रणनीति साझा की। उन्होंने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा हमने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में कड़ी चुनौतियों का सामना किया है।**

# वाणिज्य



### आरबीआई की तीन दिवसीय एमपीसी बैठक शुरू

# रेपो रेट यथावत रहने की संभावना

● आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 7 जून बैठक के फैसले का ऐलान करेंगे

**मुंबई। एजेंसी**

लोकसभा चुनाव में एनडीए को मिले बहुतम के बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की द्वमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक बुधवार 5 जून को यहां शुरू हो गई। आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक इस बार भी नीतिगत रेपो रेट में बदलाव की संभावना नहीं है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 7 जून इस बैठक के फैसले का ऐलान करेंगे। आर्थिक मामलों के जानकारों ने बताया कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी)




की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक 7 जून तक चलेगी। ये चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी मौद्रिक समीक्षा बैठक है।


जानकारों का मानना है कि इस बार भी बैठक में प्रमुख नीतिगत रेपो रेट में बदलाव की उम्मीद नहीं है। फिलहाल रेपो रेट 6.50 फीसदी पर बनी हुई है।

आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक प्रत्येक दो महीने में एक बार होती है। रिजर्व बैंक ने इससे पहले अप्रैल, 2024 में हुई एमपीसी की बैठक में ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2022-23 की फरवरी में आखिरी एमपीसी की बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो रेट को 6.25 फीसदी से बढ़ाकर 6.50 फीसदी कर दिया था।

## एयर इंडिया के 100 से अधिक विमानों में किया जाएगा सुधार : कैम्पबेल विल्सन

**नई दिल्ली। एजेंसी**

टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया 100 से अधिक विमानों में बदलाव करेगी, जिनमें 40 बड़े आकार के विमान शामिल हैं। विमानों में नवीनीकरण के लिए करीब 25 हजार सीट का ठेका भी दिया गया है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने बुधवार को 'सीएपीए इंडिया एविएशन समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि एयर इंडिया अपने 100 से ज्यादा विमानों में सुधार करेगी। कंपनी के सीईओ ने एयरलाइन उद्योग की लागत के बारे में कहा कि हवाई किराया समग्र मुद्रास्फीति की तुलना में कम ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया में परिवर्तन के हिस्से के रूप में बहुत सी चीजें चल रही हैं। विल्सन ने कहा कि एकीकरण, विकास, अनुकूलन




और ग्राहक अनुभव पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। टाटा समूह अपने विमानन कारोबार को मजबूत करने के लिए एआईएस कनेक्ट (पूर्व नाम एयरएशिया इंडिया) का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ और विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय कर रही है।

## कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 78 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इस हफ्ते के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 77.52 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी लुढ़ककर 73.22 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार में तेजी, सेंसेक्स 301 अंक उछला

**नई दिल्ली। एजेंसी**

लोकसभा चुनाव परिणाम के कारण औंधे मुंह गिरने के बाद बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर कारोबार शुरू किया। शुरूआती कारोबार में सेसेक्स में 600 अंकों की बढ़त दिखी है, जबकि निफ्टी भी एक बार 22 हजार का स्तर पार करने में सफल रहा। फिलहाल बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 301.55 अंक यानी 0.42 फीसदी की उछाल के साथ 72,380.59 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 97.90 अंक यानी 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ 21,982.40 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक,



कोटक महिंद्रा बैंक और आईटीसी के शेयर में सबसे ज्यादा तेजी दिख रही है। वहीं, लार्सन एंड टूब्रो, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में नुकसान दिख रहा है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन 4 जून को सेंसेक्स 4389 अंक यानी 5.74 फीसदी की गिरावट के साथ 72,079 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी भी 1,379 अंक यानी 5.93 फीसदी की गिरावट के साथ 21,884 के स्तर पर बंद हुआ था।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने किया वृक्षारोपण

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की अपील वृक्ष मनुष्य के जीवन का आधार, अधिक से अधिक संख्या में करें वृक्षारोपण

चमकता राजस्थान

जयपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामना देते हुए प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वर्तमान समय में वृक्षारोपण अति आवश्यक है। वृक्ष मनुष्य के जीवन का आधार है, ऐसे में वृक्षारोपण को हमें सतत रूप से आगे बढ़ाते रहना चाहिए।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी कहा कि प्रकृति की जरूरत को समझते हुए हम सभी को अपने जीवन के विशेष दिनों पर वृक्ष लगाने की शुरूआत करनी चाहिए। फिर चाहे जन्म दिन हो, या फिर शादी की सालगिरह या अन्य शुभ अवसर, हमें एक पेड़ लगाकर उसकी सार संभाल की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी ने गुलमोहर, करंज, अमरूद, इमली जैसे फलदार और छायादार वृक्ष लगाए। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, मुकेश दाधीच, नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा, पूजा कपिल मिश्रा, लक्ष्मीकांत पारीक, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, भाजपा आईटी सेल प्रदेश संयोजक अविनाश जोशी, भाजपा मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण दिवस के अवसर पर संगोष्ठि हुई आयोजित



**चमकता राजस्थान। अलवर 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग अलवर में संगोष्ठी आयोजित की गई।नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप अवस्थी ने पर्यावरण के महत्व की जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु बिजली, पानी के दुरूपयोग को रोकने के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं जन्म दिवस व अन्य अवसरों पर अधिक से अधिक पेड लगाने व उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।नर्सिंग टयूटर आशुतोष शर्मा ने बढते हुए प्रदूषण के कारण हो रही ग्लोबल वार्मिंग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण गर्मियों का तापमान अधिक बढ रहा है। उन्होंने कहा कि कागज का दुरूपयोग व टिशू पेपर का उपयोग न करके हम पेडों के संरक्षण में सहयोग कर सकते हैं। नर्सिंग टयूटर आदित्य मंगलम ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान साान्य चिकित्सालय परिसर में स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज में फलदार वृक्ष का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।इस अवसर पर पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, उप नियंत्रक डॉ. विजय चौधरी, मेट्रन सुरेश शर्मा एवं मुकेश शर्मा, नरेन्द्र अरोडा, भारती आसीवाल, संदीप नरूका, देशबंधु, भागीरथ, दीनदयाल, राजेन्द्र सहित कार्मिक एवं नर्सिंग विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नीट में फेल होने पर युवक तो ट्रेन से कटकर किया सुसाइड



**चमकता राजस्थान। दौसा।** जयपुर-आगरा बाइपास पर रेलवे ओवरब्रिज के पास मंगलवार रात को एक युवक ने ट्रेन से कटकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। क्षत-विक्षत शव की पहचान गणेश नगर निवासी अजीत मीणा (22) के रूप में हुई। मृतक के परिवारजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान कर ली।थाना प्रभारी सोहनलाल ने बताया कि अजीत ने नीट की परीक्षा दी थी। मंगलवार शाम को उसका रिजल्ट आया था, जिसमें वह पास नहीं हुआ। इससे दुखी होकर उसने सुसाइड कर लिया। वह परिवार वालों को ई-मित्र पर जाने की कहकर निकला था।

काफी देर तक घर नहीं लौटा। बाद में उसके सुसाइड की सूचना मिली।अजीत का परिवार सिकंदरा थाना क्षेत्र के गढोरा गांव का रहने वाला है। अजीत ने सीकर रहकर 12वीं क्लास के साथ ही नीट की तैयारी की थी।उसने तीसरी बार नीट दिया था। अजीत 2 बहनों का इकलौता भाई था। पिता पूरण मीणा पीटीआई हैं। पुलिस ने बुधवार सुबह शव परिजनों को सौंप दिया।

### केन्द्रीय कारागृह एवं महिला बंदी सुधार गृह में आयोजित हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

- पर्यावरण संरक्षण और मानव जीवन की रक्षा एक दूसरे के पूरक तत्व :- पल्लवी शर्मा



**चमकता राजस्थान। जयपुर !(खलील कुरैशी), 05 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय कारागृह एवं महिला बंदी सुधार गृह में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा के साथ साथ पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर ने जयपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया। उन्होंने पौधारोपण के दौरान उपस्थित जेल स्टाफ एवं बंदीगण को संबोधित करते हुए कहा कि एक स्वस्थ पर्यावरण ही पृथ्वी के असंख्य जीवों और मानवों को जीवन जीने योग्य वातावरण प्रदान करता है अतः हमें इसकी सुरक्षा एवं विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। शर्मा ने लगभग 50 के करीब अमरूद, जामुन एवं शीशम के पौधे केन्द्रीय कारागृह एवं महिला बंदी सुधार गृह में लगवाये तथा कर्मचारियों के बीच भी पौधे वितरित किये गए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बंदीगण के समक्ष विधिक सहायता, साक्षी संरक्षण स्कीम, बंदियों हेतु रालसा एवं नालसा द्वारा जारी विभिन्न स्कीम, पीड़ित प्रतिकर स्कीम आदि की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय कारागृह के उपाधीक्षक इन्द्र यादव, महिला बंदी सुधार गृह की कारापाल सरोज विश्नोई, चीफ एलएडीसीएस जनार्दन कुमार आत्रे सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें। इसके बाद पल्लवी शर्मा ने आंचल बालिका गृह, जयपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गृह अधीक्षक बाद सूचना भी गृह से नदारद मिले। जिसके संबंध में सचिव द्वारा गृह पर उपस्थित अन्य स्टाफ को पाबंद किया। श्रीमती शर्मा ने बालिकाओं को दी जा रही भोजन, साफ-सफाई, पढ़ाई आदि के संबंध में व्यवस्था का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने 24 सांसदों को निकम्मा कहकर राजस्थान की जनता का किया अपमानः मुकेश दाधीच

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा एक अखबार को दिए गए साक्षात्कार पर पलटवार करते हुए कहा कि डोटासरा ने राजस्थान की जनता का अपमान किया है। लोकतंत्र में जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का शासन सीधे तौर पर जनता का ही शासन होता है और डोटासरा द्वारा राजस्थान के 24 सांसदों को निकम्मा कहकर राजस्थान की जनता का अपमान किया है। दाधीच ने कहा कि राजस्थान के सांसदों ने राजस्थान की आवाज को संसद में बुलंद करने का काम किया। राजस्थान के इन्हीं सांसदों ने राजस्थान के विकास को गति देने का काम किया। राजस्थान में बढ़ती हुई रेलवे की इलेक्ट्रीक लाइनें, बनते हुए नेषनल हाइवे, गांव-गांव, ढ़ाणी-ढ़ाणी बन रही सड़कें, शहरों में बढ़ती हवाई कनेक्टिविटी इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि राजस्थान के सांसदों ने राजस्थान के लिए पिछले 10 वर्षों में बहुत महत्वपूर्ण कामों में अपनी भागीदारी निभाई है। रेलवे के विकास के अंदर यूपीए काल में राजस्थान में लगभग 950 करोड का खर्चा हुआ जबकि एनडीए के शासनकाल में 9600 करोड़ का खर्चा हुआ। दाधीच ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर जल पहुंचाने का काम भी इन्हीं सांसदों के माध्यम से ही राजस्थान के लिए स्वीकृत हुआ था, जिसे राजस्थान की पूर्व कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा दिया। दाधीच ने कहा कि डोटासरा जिस प्रकार का व्यवहार कर रहे है वह उनकी मानसिकता दर्शाता है। कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी से आज भी 141 सीटों से पीछे है तथा राजस्थान में भी कांग्रेस भाजपा से बहुत पीछे है। इसके बाद भी कांग्रेस अपनी हार का जश्न मना रही है। कांग्रेस पार्टी अपना नेता प्रतिपक्ष बनाने के लिए चुनाव लड़ रही थी, वह उसमें सफल हुई है। इसीलिए डोटासरा जश्न मना रहे है जबकि भाजपा मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए चुनाव लड़ रही थी, जिसमें भाजपा सफल रही।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** गुलाब उद्यान जन उपयोगी भवन में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया ,इस कार्यशाला में कामदार महिला अधिकार अभियान राजस्थान मजदूर निर्माण पंचायत संगठन सहित काफी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहन विचार किया कि विगत 10 वर्षों में जलवायु परिवर्तन होने का मुख्य कारण पर्यावरण का हनन करना पेड़ों को काटना मानव जाति के लिए नुकसान हो गया है यदि समय रहते नहीं सुधार किया गया तो बाढ़ का आना वर्ष का आना आंधियों का आना पक्षी पक्षियों का घर उजाड़ रहा है ईंधन की समस्या फल नहीं होंगे औषधीय खत्म हो रही है रेगिस्तान का प्रसार बढ़ रहा है प्राण वायु खत्म हो रही है रोजगार खत्म हो रहे हैं और जलस्तर में वृद्धि हो रही है इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ पौधों को लगाया जाना चाहिए सभी संगठन के लोगों ने फ्रेंड लिया कि इस सगन वृक्षारोपण अभियान को चलाया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संतोष,पुष्पा,अनीता,चुन्नीलाल,हेमलता,जितेंद्र सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जंगल, जल ,जमीन को बचाने का आह्वान करते हुए लोगों को जागरूक अभियान चलाने की शुरुआत की गई।

### वृक्षरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस,11 हजार वृक्ष लगाने का लिया लक्ष्य



**चमकता राजस्थान । झुंझुनू ' (सुमेर सिंह राव)।** हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनू द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मोहल्ला रेगरपुरा स्थित जिला मुख्यालय पर जयपाल सिंह यादव अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी विशेष लेखा परीक्षक सहकारी समितियां, नवनीत कुमार व्यवस्थापक सहकारी समिति भारू, वरिष्ठ सहायक अमित जांगिड़ की उपस्थिति में वृक्षारोपण अभियान कि शुरुआत की गयी!अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयपाल सिंह यादव ने कहा की दिनों दिन बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय वृक्षारोपण है हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के नीरज कुमार ने बताया की आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हमें आज वृक्षरोपण अभियान की शुरुआत की है और आगे आने वाली वर्षा ऋतु में हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स की सभी कब-बुलबुल, स्काउट -गाइड एवं रोवर - रेंजर यूनिटो एवं सार्वजनिक स्थलों पर एक अभियान के रूप में वृक्षरोपण किया जायेगा! इस वृक्षरोपण अभियान में 11 हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है! इस अवसर पर ट्रेनिंग काउंसलर आशीष गुडेसर, सचिन मीणा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### चंद्रपुरा उदावास निवासी अनुष्का ने किया नीट क्वलीफाई

**चमकता राजस्थान। झुंझुनूं, 5 जून। (सुमेर सिंह राव)**चंद्रपुरा उदावास निवासी अनुष्का पुत्री स्व. वीरेंद्र सोहू ने नीट परीक्षा में 720 में से 680 अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है। अनुष्का की मां संजू नेहरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक छीलरी में प्रधानाचार्य है। अनुष्का ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता के संघर्षपूर्ण सहयोग व मार्गदर्शन, मामा पुष्पेंद्र की प्रेरणा, नाना हवासिंह नेहरा एवं दादी संतोष सोहू के आशीर्वाद को दिया है। अच्छे अंक प्राप्त करने सें अनुष्का को प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में प्रवेश का अवसर मिलेगा। इस सफलता पर एपीसी कमलेश तेतरवाल, डाइट वाइस प्रिंसिपल सुशीला महला, सीबीईओ अशोक शर्मा, एसीबीईओ अशोक पूनियां, एसीबीईओ कुलदीप पूनियां, एडीईओ प्रमोद आबूसरिया, जिला साक्षरता प्रभारी कुलदीप खरबास, प्रधानाचार्य उमादत झाझड़िया, नीरज सिहाग, सुभाष नेहरा मामा, राजकुमार बलवदा, सरोज बेनीवाल, प्रकाश चाहर, राजवंती सरावग, सीमा दूत, सुशीला राव, सुनिता, सुमन, अनुराधा, प्रदीप, दिलीप मीणा, मनेश, नरेंद्र, सुशील रामूका, लक्ष्मीकांत, सुनील, दीपचंद, फारुक खान, सरिता, विमला ने बधाई प्रेषित की है।



### सम्मान समारोह 26 जून को

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** राजस्थान नाथ समाज द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 26 जून को आयोजित किया जाएगा।

प्रदेश महामंत्री रणवीर योगी ने बताया की राजस्थान नाथ समाज प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर योगी जी के कार्यकाल को 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमे 10 वी बोर्ड 12 वी बोर्ड ,नवनिवाचित जिला अध्यक्षों,संस्थापक सदस्यों पूर्व प्रदेश अध्यक्षों का सम्मान किया जायेगा।

### नव निर्वाचित सांसदों ने की पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा से मुलाकात



**(अत्री कुमार दाधीच ) चमकता राजस्थान।** जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा तथा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भरतपुर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती संजना जाटव, टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद एवं विधायक हरीश चन्द्र मीना, सीकर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद अमरा राम, श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद कुलदीप इंदौरा तथा करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद भजनलाल जाटव ने अपने क्षेत्रीय नेताओ एवं कार्यकर्ताओं के साथ शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा तथा अशोक गहलोत ने सभी नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

## बारह दिवसीय शिविर का समारोपूर्वक समापन

# तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा हासिल करें : कादरी

चमकता राजस्थान




**जयपुर। (खलील कुरैशी)** सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर की ओर से 12 दिवसीय तैबा समर क्लासेस का आयोजन कियागयाजिसमें बालक-बालिकाओं को सुन्नतों आदाब, नमाज के फराइज, शराईत, नमाज का प्रेक्टिकल तरीका, वुजु का तरीका, अकाईद, कुरआन शरीफ को तरतीब से पढना इत्यादि सिखाया गया। शिविर का समापन समारोह यहां पहाड़गंज स्थित हीरा इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। इस मौके पर इस्लामी विद्वान मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी ने उपस्थित लोगों से अपने बच्चों को आला तालीम हासिल करवाने पर बल दिया। वहीं उन्होंने छात्र-छात्राओं को तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा की ओर अग्रसर रहने का आह्वान किया।वहीं सुन्नी दावते इस्लामी की ओर से फर्स्ट, सैकंड व थर्ड प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन मुफ्ती-ए-शहर जयपुर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार सा. की सरपरस्ती और आले रसूल मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी सा. की निगरानी में रखा गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के औलमा हजरात मौलाना कारी एहतराम आलम अजीजी, हजरत मौलाना कारी जाहिद नूरी, हजरत मौलाना कारी मोईनुद्दीन, कारी मोहम्मद शकील अशरफी, मुफ्ती इरफान, मौलाना जरीफ, हजरत हाफिज अनवार आदि ने बच्चों को इनामात और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।वहीं तैबा क्लास में पढ़ाने वाले मुदर्रीसीन मौलाना आफताब अशरफी हाफिज सैफ अली, सैय्यद अकील नूरी, हाफिज रियाज, हाफिज इमरान रजा, हसीन नूरी, सूफियान बरकाती, सलमान रजा ने शिरकत की।

### यहां लगे शिविर

» पहाडगंज हिरा इंग्लिश सीनियर सैकेंडरी स्कूल फर्स्ट, हांडीपुरा हिरा इंग्लिश सीनियर सैकेंडरी स्कूल सैकंड, जामिया आईशा सिद्दीका लिलबनात मोहल्ला महावतान, लूनियावास, हजरत अली मस्जिद नालबंदान, मस्जिद आहंगरान, मस्जिद शैखान, मदरसा इस्लामियात दरगाह कदम रसूल, मदरसा बेहलोल खां काजी का नला में शिविर आयोजित किए गए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929